तापमान

अधिकतम 36.1 डिग्री

न्यूनतम 21.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 5 मई 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



अरपा रिवर व्यू में रखी कुर्सियों को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया।

## खबर संक्षेप

### 10 तक आ सकते हैं 10वीं-12वीं सीजी बोर्ड के नतीजे




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे इस बार 10 मई तक जारी हो सकते हैं। ध्यान रहे कि इस बार 10वीं और 12वीं की परीक्षा में कुल 5.71 लाख छात्र शामिल हुए थे। उत्तरपुस्तिकाओं की जांच 26 मार्च से प्रदेशभर में बनाए गए 36 मूल्यांकन केंद्रों पर की गई। 10वीं की परीक्षा 24 मार्च को खत्म हुई थी। इसमें 17 मार्च तक हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और व्यवसायिक विषयों के पेपर हो चुके थे। इसके बाद 21 मार्च को तृतीय भाषा और 24 मार्च को विशेष आवश्यकता वाले छात्रों के लिए संगीत, ड्राइंग और पेंटिंग की परीक्षा हुई थी। वहीं, 12वीं की परीक्षा 28 मार्च तक चली थी। इसमें भी अधिकतर मुख्य विषयों की परीक्षा 18 मार्च तक ही हो गई थी, जैसे कि हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल, भौतिकी, रसायन, समाजशास्त्र और राजनीतिक विज्ञान शामिल थे।

### पीईटी और पीपीएचटी 8 मई को

**बिलासपुर।** प्रदेश में इंजीनियरिंग और फार्मेसी में एडमिशन के लिए व्यापमं द्वारा आयोजित की जाने वाली प्री-इंजीनियरिंग टेस्ट (पीईटी) और प्री-फार्मेसी टेस्ट (पीपीएचटी) 8 मई को होगी। इन परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन 17 अप्रैल की शाम 5 बजे तक मंगाए गए थे। फॉर्म में सुधार करने का अवसर 18 से 20 अप्रैल तक दिया गया। इसके साथ ही प्रवेश पत्र 29 अप्रैल को जारी कर दिए गए हैं। पीईटी परीक्षा 8 मई की सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक होगी। जबकि पीपीएचटी परीक्षा 8 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी। परीक्षा केंद्र सभी 33 जिला मुख्यालयों में बनाए जाएंगे।

### तापमान में 4 डिग्री की कमी, लेकिन तीखी धूप

**बिलासपुर।** सूरज की तीखी किरणें रविवार को भी लोगों परेशान करती रही, लेकिन राहत की बात यह है कि शनिवार के मुकाबले तापमान 4 डिग्री कम रहा। बताया जा रहा है कि यह तापमान सामान्य तापमान से 6.8 डिग्री कम है। मौसम में लगातार उतार चढ़ाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, खान पान में लापरवाही होते ही लोगों बीमार पड़ रहे हैं। रविवार को सुबह से मौसम खुला रहा और आसमान पर सूरज की दस्तक के कारण धूप भी अच्छी खासी रही, लेकिन हवा में नमी होने के कारण तापमान में बढ़ोतरी नहीं हो सकी। इस दौरान महज 36.1 डिग्री तापमान दर्ज किया गया, जो शनिवार के मुकाबले 4 डिग्री कम थी। मौसम विभाग ने 4 और 6 मई के बीच अलर्ट जारी किया है। इस दौरान अंधड़ चलने और आसमानी बिजली गिरने की आशंका बनी हुई है, वहीं हवा की रफ्तार 40 से 60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चल सकती है।

### सिपेट पाठ्यक्रम में प्रवेश आवेदन 29 मई तक

**बिलासपुर।** केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) औद्योगिक क्षेत्र भनपुरी, जिला रायपुर में सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम में डिप्लोमा एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा में प्रवेश के लिए 29 मई तक आवेदन आमंत्रित हैं। सिपेट संस्थान भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त प्रयास से वर्ष 2015 में स्थापित किया गया था। सिपेट में विभिन्न पाठ्यक्रमों को संचालित किया जाता है। प्लास्टिक उद्योगों के क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के शत-प्रतिशत अवसर प्रदान किया जाता है।

# 15 लाख से अधिक स्टूडेंट्स का आधार और यू-डाइस डेटा गायब, इसलिए नहीं बन पाया अपार, अब योजना हो गई बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

प्रदेश के 57 हजार स्कूलों में पढ़ने वाले 57 लाख से ज्यादा छात्रों की अपार आईडी बनाई जानी थी, लेकिन 64 प्रतिशत छात्रों की ही अपार आईडी ही बन सकी है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह छात्रों का आधार कार्ड और यू-डाइस रिकॉर्ड का मैच नहीं होना है। आधार कार्ड वैरिफाइ नहीं होने की वजह से अब तक 15 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों का अपार आईडी जनरेट नहीं हो सका है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह छात्रों के दस्तावेजों में नाम और उम्र में त्रुटि को लेकर बताई जा रही है। हाल यह है कि इस अपार आईडी बनाने में बिलासपुर जिला जहां 24 वें नंबर हैं तो रायपुर 11 वें नंबर पर। अब अपार आईडी बननी बंद भी हो गई है और बिलासपुर में ही एक लाख 40 हजार बच्चों की आईडी नहीं बन सकी है। ऐसे में सवाल है कि इन बच्चों का क्या होगा।

बिलासपुर जिले में कुल दो लाख 75 हजार 870 छात्रों की अपार आईडी बन सकी है जबकि 2540 स्कूलों के चार लाख 15 हजार 219 छात्रों की आईडी बनाई जानी है। इसी तरह रायपुर में अब तक 3 लाख 96 हजार छात्रों की अपार आईडी जनरेट हो सकी हैं जबकि वहां 2447 सरकारी स्कूलों के 5 लाख 39 हजार से ज्यादा छात्र हैं, जिनकी अपार आईडी बननी है।

- बिलासपुर में 4 लाख 15 हजार स्टूडेंट में से सिर्फ दो लाख 75 हजार बच्चों की बनी आईडी
- प्रदेश में 57 हजार स्कूलों में पढ़ने वाले 57 लाख से ज्यादा छात्रों की अपार आईडी बननी थी

**अपार आईडी की स्थिति**

| | |
|---|---|
| बिलासपुर | 64.56 % |
| रायपुर | 69.64% |
| दुर्ग | 62.18% |
| कोरबा | 77.47% |
| रायगढ़ | 78.38% |






**अपार आईडी का यह लाभ**

- फर्जी एजुकेशन डॉक्यूमेंट जैसे मामलों पर नकेल कसेगी
- एडमिशन के समय छात्रों का वेरीफिकेशन आसान हो जाएगा।
- स्कॉलरशिप पाने के लिए क्रेडिट अकमुलेशन, क्रेडिट रिडेम्प्टन, क्रेडिट ट्रांसफर इंटर्नशिप मिलेगा।
- सर्टिफिकेशन, नौकरी के लिए आवेदन आदि काम काफी आसान हो जाएगा।
- सरकारी योजनाओं का लाभ सीधा बच्चों को मुहैया कराया जा सकेगा।
- यह छात्रों का डिजी लॉकर होगा, जिसमें सभी डॉक्यूमेंट एक जगह सेव रहेगा।
- ड्रॉपआउट छात्रों की ट्रैकिंग की जा सकेगी, यह उन्हें मुख्यधारा में लाने में मदद करेगा।

**नए सत्र से होगा शुरू**

कई बच्चों के पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं थे, जिसके कारण उनका आधार कार्ड बनाना मुश्किल हुआ। इसके अलावा कुछ बच्चों के आधार कार्ड का बायोमेट्रिक डाटा अपडेट नहीं है, जिससे उनका आईडी नंबर जारी नहीं पाई। कई छात्रों का आधार कार्ड और यू-डाइस रिकॉर्ड का मैच नहीं हो पा रहा है। फिलहाल इस सत्र के लिए अपार आईडी बनने की प्रक्रिया बंद कर दी गई है। नए सत्र में फिर से इसे शुरू किया जाएगा।

- अनिल तिवारी
जिला शिक्षा अधिकारी

### दस्तावेज सुधारने में लग गया अधिक समय

ध्यान रहे कि आईडी जनरेट होने में सिर्फ 10 मिनट का समय लगता था, लेकिन स्टूडेंट का रिकॉर्ड समान नहीं होने की स्थिति में आधार को अपडेट करवाना ज्यादा मुश्किल हो गया। इसके साथ ही स्कूलों में यू-डाइस डाटा मैच नहीं होने की सबसे बड़ी वजह आधार कार्ड में गलतियों को ही बताया गया। ऐसे में स्कूलों के साथ ही कैफे संचालकों के पास जाने पर उन्हें सही जानकारी नहीं दी गई। इस बारे में पालकों ने कहा कि अगर डेट ऑफ बर्थ गलत है और उसे सुधारना है तो कैफे संचालक पहले तो आधार को अपडेट करवाते हैं और बाद में डेट ऑफ बर्थ सुधारते हैं। ऐसे में एक महीने का समय अधिक लग गया। आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए स्कूलों में कैंप नहीं लगाए जाने की वजह से प्रभावित स्टूडेंट्स को आधार केंद्र जाकर अपना आधार अपडेट कराना पड़ा।

### कई छात्रों के पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं

अधिकारियों के मुताबिक इस प्रक्रिया में कई तकनीकी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि अपार आईडी कार्ड बनाने के लिए बच्चों का आधार कार्ड होना जरूरी है और इसके लिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। कई बच्चों के पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं है, जिसके कारण उनका आधार कार्ड बनाना मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा कुछ बच्चों के आधार कार्ड का बायोमेट्रिक डाटा अपडेट नहीं है, जिससे उनका आईडी नंबर जारी नहीं हो पा रहा है। इसके कारण छात्रों के स्थानांतरण में भी परेशानी हो रही है, क्योंकि एक स्कूल से दूसरे स्कूल में प्रवेश के समय उनका परमानेंट एजुकेशन नंबर (पेन) सक्रिय नहीं हो पाता।

## कर्मचारियों की कमी ने खोली बिजली विभाग की पोल

## कई इलाकों में रात भर नहीं आई बिजली





टिकरापारा में कार के ऊपर पेड़ टूटकर गिरने से मोहल्लेवासियों ने जमकर हंगामा मचाया।

# एक दिन की आंधी ने स्मार्ट सिटी की धज्जियां उड़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर कहने को स्मार्ट सिटी है, लेकिन यहां की बिजली व्यवस्था ने गांव से बदतर स्थिति पैदा कर दी है। शनिवार की दोपहर को आई आंधी ने ऐसा कहर बरपाया कि बिजली विभाग के अधिकारियों की रातों की नींद उड़ गई। इस दौरान पूरे शहर में ब्लैक आउट रहा और आधे शहर में रात 12 बजे तक बिजली नहीं पहुंच सकी। वहीं कुछ इलाकों में 28 घंटे बाद भी बिजली सप्लाई नहीं की जा सकी, शहर के लोगों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो सका।

- बिजली गैंग के पास नहीं था सामान, इसलिए होती रही देरी

शनिवार को शहर में आए चक्रवाती तूफान ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया, इसके निशान 30 घंटे बाद भी शहर में रहे। जहां कालोनी और मोहल्लों में रात भर बिजली नहीं पहुंची और पूरा शहर रतजगा करता रहा, लोग रात में शहर की सड़कों पर घूमते नजर आए। रविवार को भी कई इलाकों में शाम तक बिजली बहाल नहीं हो सकी। खास बात यह है कि बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर लोगों में खासा रोष रहा, भले ही अंधड़ की गति तेज रही और कई पेड़ बिजली तारों पर उलझे, लेकिन बिजली व्यवस्था को सुधारने वाले विभाग के पास कर्मचारी और संसाधनों की कमी देखी गई। इसी के चलते सुधार कार्य में काफी समय लगा, जिसके चलते उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हाल यह है कि बिजली विभाग के अधिकारी रात 12 बजे तक 33 केवी लाइनों के सबस्टेशन को शुरू नहीं करा सके। रात भर काम करने के बाद महज गिने चुने सबस्टेशन व फीडर ही चालू किए जा सके। 11 केवी की लाइन कुछ हद तक दुरूस्त की जा सकी, लेकिन 30 घंटे बाद भी एलटी लाइनों की सप्लाई दुरूस्त करने में विभाग पीछे रह गया। जहां शहर की बिजली व्यवस्था दूसरे दिन भी चौपट रही, नाराज लोगों ने शहर विधायक के घर के सामने भी हंगामा मचाया।

### इन इलाकों में रात में भी नहीं आई बिजली

टिकरापारा, विद्या उप नगर, मसानगंज, चिंगराजपारा, जूना बिलासपुर, शनिवारी, कोनी, ढेका, तिफरा, सूर्या विहार, नेहरू नगर, कस्तूरबा नगर, मंगला जैसे क्षेत्रों में बिजली सप्लाई ठप रही और रात तक बिजली नहीं पहुंच सकी।

### पूरे शहर में फैला कचरा

अंधड़ की वजह से पूरे शहर में कचरा फैला रहा, नगर निगम की सफाई गाड़ी नदारद रही, सुबह सवेरे मॉर्निंग वाक में निकलने वाले लोगों ने शहर का हाल देखा तो थोड़ी देर के लिए ठिठक गए। सड़क के किनारों पर बिजली के तार लटकते रहे, कहीं-कहीं पेड़ की डंगाल दीवारों पर टिकी दिखाई दीं।



### फ्यूज कॉल सेंटर से भागे आपरेटर

शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाले गोलबाजार और नेहरू नगर जोन का हाल बेहाल रहा, यहां जोन कार्यालय में बने फ्यूजकॉल से कर्मचारी नदारद रहे और उपभोक्ताओं का गुस्सा देखते हुए फ्यूजकॉल आपरेटर भाग खड़े हुए। बताया जा रहा है कि अधिकारियों ने ही उन्हें कार्यालय छोड़ने की सलाह दी थी। सुबह 10 बजे के बाद फ्यूजकॉल के आपरेटर कार्यालय में वापस आ सके।



### 28 घंटे बाद बहाल हुई बिजली

स्मार्ट सिटी का दायरा काफी कम है, महज 5 किमी की दूरी में स्मार्ट सिटी की परिधी खत्म होती है, लेकिन खास बात यह है कि बिजली व्यवस्था को सुधारने में अधिकारियों को 28 से 30 घंटे का समय लग गया। मिशन अस्पताल के पास टूटे तारों के कारण मसानगंज, सरजू बगीचा गली, सुक्खू बाड़ा, मध्यनगरीय चौक, पुलिस लाइन जैसे क्षेत्रों में 28 घंटे के बाद बिजली पहुंची। यह सभी इलाके स्मार्ट सिटी के दायरे में है। वहीं कोनी क्षेत्र में भी 33 व 11 केवी की लाइन शुरू करने में विभाग को 26 घंटे का समय लग गया। यहां एक साथ 6 से 7 बड़े पेड़ सीधे बिजली की तारों पर गिर गए थे, जिसे हटाने के लिए विभाग को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विकास नगर, तिफरा में 20 घंटें तक बिजली बंद रही, इस दौरान लोग पानी को तरसते रहे।

**बिजली कर्मियों से मारपीट :** बताया जा रहा है कि ईमलीभाठा और अशोक नगर में बिजली सुधार के लिए निकले फ्यूज कॉल गैंग के लाइनमेन और स्टाफ के साथ लोगों ने मारपीट की। इस दौरान गैंग को रोका और झगड़ा करने के लिए आमादा हो गए। गाड़ी में भी तोड़फोड़ करने की कोशिश की, लेकिन वाहन चालक ने पहचान बताकर गाड़ी सहित स्टाफ को बड़ी मुसीबत से बचा लिया।

**पेट्रोल पंप बंद लगता रहा जाम :** कई पेट्रोल पंप रात के बाद बंद हो गए थे, इस दौरान लोग सुबह सवेरे पुलिस लाइन पेट्रोल पंप पहुंच। बिजली नहीं होने के कारण पंप को बंद कर दिया गया, लोगों के बाद एक आते रहे और कई घंटों तक पेट्रोल पंप बंद रहा। सबसे ज्यादा मुसीबत डेयरी और बेकरी वालों को उठानी पड़ी, बिजली नहीं होने से कूलिंग सिस्टम ठप रहा और सामान खराब होते रहे।

# 42 पंप हुए बंद

## 10 हजार घरों में नहीं पहुंचा सुबह का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली व्यवस्था के ठप पड़ते ही शहर में पानी के लिए भी हाहाकार मचने लगा। जैसे तैसे शनिवार की रात कट गई लेकिन रविवार की सुबह से ही पानी के लिए कोहराम मचने लगा। दरअसल बिजली के तारों में कई पेड़ के डंगाल टूट के गिर गए थे, वहीं खंभे तक उखड़ चुके थे, जिसके चलते शहर के 42 पानी पंपो में करंट नहीं पहुंच रहा था, ऐसे में सप्लाई बाधित रही।

- निगम ने संभाली व्यवस्था, 34 टैंकर से भेजा पानी
- 12 बजे के बाद पंप का कनेक्शन जुड़ा, तब शाम को सप्लाई हुई नार्मल

शनिवार की शाम और रविवार की सुबह शहर में पानी के लिए जद्दोजहद मचती रही, इस दौरान नगर निगम ने पानी सप्लाई की बागडोर संभाली और पंपों के बंद होने पर खूंटाघाट से पानी सप्लाई करने की नौबत आन पड़ी। बताया जा रहा है कि शहर में लगे 42 पंप कनेक्शनों की सप्लाई ठप रही, नगर निगम ने व्यवस्था संभालते हुए 34 टैंकरों को सुबह 11 बजे तक शहर के अलग-अलग हिस्से में पहुंचाया। वहीं जहां के पंप चल रहे थे उन्हें भी अतिरिक्त समय पर चलाए रखा, लेकिन इसके बावजूद शहर के कई हिस्सों में पानी के लिए हाहाकार मचता रहा। इस दौरान गर्मी और उमस भी जबरदस्त रही, ऐसे में कूलर के लिए भी पानी की जरूरत पड़ी। कतियापारा, पुलिस लाइन, कुदुदंड, देवरीखुर्द, तोरवा, मसानगंज, चिंगराजपारा, अपोलो रोड, तेलीपारा, जूना बिलासपुर, बसस्टैंड सहित 3 दर्ज से ज्यादा जगहों पर पानी के टैंकर भेजे गए।

### पानी लेने को लेकर झूमाझटकी

लोग सुबह से ही पानी का इंतजार करते रहे। इस दौरान निगम की पाइप लाइन में पानी आ रहा था, लेकिन इसकी धार कम रही, मोहल्लो में लगे पंप बंद होने के कारण फोर्स आधी ही रही। ऐसे में पानी भरने को लेकर उदईचौक, कतियापारा और नागोराव शेष स्कूल के पास लोगों के बीच पानी को लेकर झुमाझटकी तक की नौबत आ गई। हालांकि लोगों ने मजबूरी समझी और टैंकर के आने के बाद स्थिति नार्मल हो गई।




### बाल्टी और ड्रम लेकर दौड़े लोग

गर्मी का समय है, ऐसे में पानी की खपत भी अधिक हो चुकी है। आमतौर पर शहर में 5 से 7 टैंकर ही रोजाना भेजे जाते हैं, लेकिन बिजली फाल्ट के चलते पानी सप्लाई नहीं हो सकी और निगम को 34 टैंकर भेजने की जरूरत पड़ी। टैंकर को देखकर लोग बाल्टी और ड्रम लेकर दौड़ने लगे। निगम कर्मियों ने लोगों से अपील की और महज बाल्टी में पानी भरने के लिए कहा, इस दौरान कहा सूनी भी हुई।

### अपने पिता का नाम बदलकर फर्जी डिग्री से कार्डियोलाजिस्ट बनकर कर रहा था लोगों का इलाज

# एसएसपी ने अपोलो हास्पिटल के फर्जी डाक्टर नरेन्द्र से डेढ़ घंटे की पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी ने सरकण्डा थाने में अपोलो हास्पिटल के फर्जी डाक्टर से डेढ़ घण्टे तक पूछताछ की। इस दौरान पाया आरोपी डाक्टर अपना व पिता का नाम बदलकर फर्जी डिग्री से कार्डियोलाजिस्ट बनकर लोगों का इलाज कर हार्ट का आपरेशन कर रहा था। उन्होंने अधिकारियों को सारे दस्तावेज की सूक्ष्मता से जांच कर कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

रविवार की दोपहर एसएसपी रजनेश सिंह ने सरकण्डा थाने पहुंचकर अपोलो के फर्जी डा. नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव से डेढ़ घण्टे तक डिग्री को लेकर विस्तृत पूछताछ की। एसएसपी श्री सिंह ने बताया, डा. नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव मूलतः उत्तर प्रदेश कानपुर का रहने वाला है। उसने अपने व पिता का नाम बदलकर नरेन्द्र जॉन केम के नाम से फर्जी एमआरसीटी की डिग्री बनाकर अपोलो हास्पिटल, दमोह व विदेशो में कार्डियोलाजिस्ट बनकर नौकरी की, वह मरीजों के हार्ट का आपरेशन कर रहा था। उन्होंने जांच टीम के अधिकारियों को नए सिरे मामले की जांच करते हुए उससे सारे दस्तावेज जब्त कर कार्रवाई करने का आदेश दिया है।



बहरहाल अब तक अपोलो हास्पिटल फर्जी डा. यादव का डिग्री पुलिस के पास पेश नहीं कर पाई है। जांच टीम फर्जी डाक्टर से लगातार पूछताछ करने में लगी हुई है।

# बिजली चोरी मामले में एसईसीएल विजिलेंस ने दो इलेक्ट्रिक फोरमेन को किया निलंबित

**बिलासपुर।** एसईसीएल की कॉलोनियों में बिजली चोरी के प्रकरणों पर विजिलेंस डिपार्टमेंट ने सख़्ती दिखाई है। अवैध विद्युत कनेक्शन की शिकायत पर कंपनी के जमुना-कोतमा क्षेत्र के दो इलेक्ट्रिक फोरमैन को एरिया प्रबंधन ने आज निलंबित कर दिया है। विदित हो कि पिछले कुछ दिनों से एरिया के जमुना टाउनशिप में लगातार अवैध बिजली कनेक्शन की शिकायतें मिल रही थी। बताया जाता है कि टाउनशिप में अवैध रूप से रह रहे लोग तथा कार वाशिंग सहित अन्य कई दुकानदार अवैध कनेक्शन का उपयोग कर एसईसीएल को करोड़ों का चूना लगा रहे थे। इनसे खदानों की विद्युत सप्लाई लाइन भी प्रभावित होती थी। इन शिकायतों पर कड़ा रुख अपनाते हुए सतर्कता विभाग ने सभी संचालन क्षेत्रों को पॉवर ऑडिट कर वास्तविक विद्युत आवश्यकता को परखने का निर्देश दिया था। साथ ही अवैध कनेक्शनों को तत्काल प्रभाव से बंद करने तथा जिम्मेदारों के विरुद्ध सख़्त कारवाई के निर्देश दिए थे। एसईसीएल विजिलेंस टीम के कड़े रूख से सभी संचालन क्षेत्रों ने अवैध बिजली कनेक्शनों पर तत्काल एक्शन लेना शुरू कर दिया है।



4 MAY- BSP-PG-2_Layout 1 5/5/2025 12:26 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### निषाद समाज ने किया सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान



**बिलासपुर।** केवट (निषाद) समाज जाली लगरा गद्दी बिलासपुर परिक्षेत्र की वार्षिक महासभा 3 मई को मोपका में आयोजित किया गया। इसमें समाज के विद्यार्थियों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। प्रथम पुरस्कार हिरेंद्र निषाद को 3100 रुपए और मोमेंटो प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार मनोज निषाद को 2100 रुपए और मोमेंटो, तृतीय पुरस्कार किशन कुमार को 1100 रुपए और मोमेंटो प्रदान किया गया। इस आयोजन में गायिका सुश्री देवी निषाद कोरबा ने आर्केस्ट्रा भजन के माध्यम से गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, विशिष्ट अतिथि पार्षद तिलक राम साहू और पार्षद मोहन श्रीवास रहे। रक्तदान शिविर और सम्मान समारोह में 25 युवाओं ने रक्तदान किया। अतिथियों ने रक्तदाताओं को सम्मानित किया। इसके अलावा, समाज के वरिष्ठ समाजसेवी, महिला समूह, जनप्रतिनिधिगण सर्किल और पंच का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मी प्रसाद केवट, संतोष निषाद, कृष्ण कुमार, परमेश्वर केंवट, गोविन्द कैवर्त, गिरीश कैवर्त, दिलहरण कैवर्त, विजय कैवर्त,हर प्रसाद कैवर्त, राज कैवर्त, महेंद्र कुमार,पवन केवट, श्याम सुंदर कैवर्त, दीपक आदित्य,गजेन्द्र कैवर्त, कांशी कैवर्त, सत्यप्रकाश, कमलेश पारकर, दिलीप,मोहन, शत्रुहन, सुखी राम, प्रकाश चंद्र,अजय आदि मौजूद थे। मंच संचालन हरप्रसाद कैवर्त ने किया।

### छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ने कलेक्टर का किया अभिनंदन



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने नवीन पदस्थ जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल का पुष्प गुच्छ देकर भेंट एवं स्वागत एवं अभिनंदन किए। इस अवसर पर अजय कश्यप, ममता सोनी, चंचल सलूजा, फिरोज अलीम, कार्यकारी अध्यक्ष असलम, महिला कोषाध्यक्ष गायत्री कश्यप आदि मौजूद थीं।

### अटल आवास में नाला निकासी नहीं होने से तालाब में गिराया जा रहा पानी



**बिलासपुर।** नंदन बिहार समाज कल्याण समिति मंगला की कार्यकारिणी की बैठक 4 मई को आयोजित की गई। जो कि वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद नितिन पटेल के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। जिसमें प्रमुख रूप से अटल आवास से नाला निकासी न होने के कारण तालाब में नाला गिराया जा रहा है, जिससे पूरा पानी संक्रमित होकर संक्रामक रोग फैलने की संभावना है। समिति के सदस्यों ने बताया कि नाला निकासी नहीं होने के कारण यहां का पानी तालाब में गिराया जा रहा है। इससे तालाबा का पानी प्रदूषित हो रहा है। जानकारी डॉक्टर आरके गुप्ता ने दी।

### ललित ऑल इंडिया पीएनबी पेंशनर्स एसोसिएशन के बने चेयरमैन



**बिलासपुर।** ऑल इंडिया पीएनबी पेंशनर्स एसोसिएशन बिलासपुर मंडल के द्वितीय अधिवेशन में पहलगांव के शहीदों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात एआईपीएनबीपीए के अध्यक्ष एसएन चावड़ा ने स्वागत भाषण पढ़ा। सचिव रूपरतन सिंह ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल ने तीन वर्षों का आय व्यय विवरण प्रस्तुत किया। चेयरमैन ललित अग्रवाल, अध्यक्ष एसएन चावड़ा व सचिव आरआर सिंह के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। अधिवेशन में कार्यकारी अध्यक्ष शैलेन्द्र खजांची, पूर्व महाप्रबंधक वी श्रीनिवास, रायगढ़ के मुख्य प्रबंधक सिद्धार्थ दास, एआईपीएनबीओए बिलासपुर के अध्यक्ष गजानन राठौड़, पार्थो घोष, सोनू कुमार, अमित कुमार, शरद यादव, रविशंकर पटनायक, संध्या त्रिपाठी, कुंती बोदरा, महेश्वरी यादव, पुष्पा घोष, बिंदु सरजाल, अशोक तिवारी, कपिलेश्वर मिंज, नागोराव पुड़के, हरिहर देवांगन, प्रदीप विश्वास, रवि कुमार टंडन, बी एस पैकरा, असगर हसन खान, गणेश यादव, हेमसिंग वर्मा, जे एल नेताम, के एल जोगी, कैलाश अग्रवाल, सुरेंद्र चावड़ा, ललित अग्रवाल, रूप रतन सिंह सहित पीएनबी अनेकों साथी उपस्थित रहे। अधिवेशन में पेंशन अपडेशन, मेडिकल इंश्योरेंस व अन्य सामयिक विषयों पर चर्चा की गई। वी श्रीनिवास व ललित अग्रवाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### प्रबंधन पाठयक्रम के माध्यम से कैरियर बनाने दी जाएगी जानकारी

**बिलासपुर।** प्रबंधन पाठयक्रम के माध्यम से छात्रों को कैरियर बनाने के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इसके लिए 6 मई को सीएमडी पीजी कालेज में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए एकदिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कालेज के प्राचार्य डॉ. संजय सिंह ने बताया कि यह कार्यशाला छात्रों को भविष्य की दिशा तय करने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ता और अनुभवी प्रबंधन गुरुओं द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। सभी अंतिम वर्ष के छात्र इस कार्यशाला में भाग लेकर अपने कैरियर की योजना को एक नई दिशा दे सकते हैं। इसके साथ ही ऐसे कालेज का चुनाव करना यहां पर व्यवहारिक ज्ञान एवं रोजगार की प्राप्ति का अवसर प्रदान करना हो। इस कार्यशाला में अन्य छात्र-छात्राएं भी भाग ले सकते हैं।

**कार्यों की शुरुआत अमेरी की ओर से** | 11 करोड़ 52 लाख रुपए स्वीकृत हुए वर्ष 2022-23 में

# बनने लगा अमेरी अंडरब्रिज, हजारों लोगों को मिलेगी राहत

**बिलासपुर।** 11 करोड़ 52 लाख रुपए की लागत से अमेरी रेल क्रासिंग पर अंडरब्रिज का निर्माण कार्य शुरु कर दिया गया है। इसके तहत खोदाई और अन्य कार्यों की शुरुआत अमेरी की ओर से कर दी गई है। इस कार्य के पूरा होने के बाद 25 हजार से अधिक लोगों को घंटों बेरियर बंद की परेशानी से जूझना नहीं पड़ेगा।

बिलासपुर से उसलापुर रेलवे स्टेशन के बीच चार रेल क्रासिंग तारबाहर, तिफरा, अमेरी और उसलापुर बनाए गए हैं, जिसमें से तारबाहर में रोड अंडरब्रिज, तिफरा में रोड ओवरब्रिज और उसलापुर रेलवे स्टेशन के पहले रोड ओवरब्रिज का निर्माण कर दिया गया है। अमेरी रेलवे क्रासिंग पर कई सालों से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरव पथ सेंट फ्रांसिस स्कूल से लेकर अमेरी की ओर जाने वाले मार्ग के बीच बने रेलवे फाटक से प्रतिदिन 25 हजार से अधिक लोग आना-जाना करते हैं, जिसमें बच्चों के साथ कार्यालयीन कर्मचारी-अधिकारी और ग्रामीणों की संख्या काफी अधिक है। अमेरी रेल क्रासिंग बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच बने रेल लाइन की प्रमुख लाइन में से एक है, जहां से प्रतिदिन 150 से अधिक मालगाड़ियों के साथ कटनी की ओर जाने वाली यात्री गाड़ियों का परिचालन किया जाता है। प्रतिदिन एक घंटे में ट्रेन गुजरने का आंकड़ा 5 से 10 का होता है, जिसके कारण फाटक ज्यादातर बंद रहते हैं। लोगों की परेशानियों को देखते हुए कई सालों से एक रोड अंडरब्रिज बनाने की मांग की जा रही थी, इसके लिए जोन मुख्यालय की ओर से रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था।

इस प्रस्ताव के बाद रेलवे बोर्ड ने राज्य शासन की अनुशंसा के साथ 11 करोड़ 52 लाख रुपए में रोड अंडरब्रिज बनाने की स्वीकृति दे दी है। करोड़ों रुपए की राशि की स्वीकृति वर्ष 2022-23 में मिल चुकी है, जिसकी शुरुआत रेल प्रशासन ने कर दी है।



#### रेलवे करेगी पूरा काम

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2022-23 में रेलवे और मार्च 2023 में राज्य शासन की मंजूरी के बाद रोड अंडरब्रिज के लिए 11 करोड़ 52 लाख रुपए सेंक्शन किए गए। इसमें लोक निर्माण के सेतु विभाग को 5.76 करोड़ रुपए मंजूर हो चुके हैं। सेतु विभाग को यह राशि रेलवे के पास जमा करना है। इसके उपरांत रेलवे अंडरब्रिज का पूरा काम करेगी। इसके लिए रेलवे की ओर से ड्राइंग और डिजाइन पहले ही बना दी गई है।

#### स्कूली बच्चों को परेशानी

घुरु अमेरी से तिफरा तक शहर की आबादी का बड़ा हिस्सा इलाके में निवास करता है। सालों से अमेरी रेल क्रासिंग से गुजरना परेशानी का कारण बना है। फाटक जैसे ही खुलता है दो पहिया और चार पहिया वाहन के चालक हार्न बजाकर आगे बढ़ने कोशिश करते हैं। इससे काफी शोर होता है, जिसके कारण सेंट फ्रांसिस स्कूल के बच्चों और अस्पताल में भर्ती मरीजों को काफी परेशानी हो रही है।

#### शुरु कर दिया है कार्य

अमेरी रेल क्रासिंग पर रोड अंडरब्रिज के लिए राज्य शासन और रेलवे की ओर से राशि स्वीकृत कर दी गई है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया के बाद काम की शुरुआत कर दी गई है, ताकि क्रासिंग से आने-जाने वाले लोगों की परेशानी जल्द दूर हो सके।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# पौने दो लाख आवेदन निराकृत, आज से आवेदकों को दी जाएगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- आज से 31 तक ग्रामीण इलाकों में लगेंगे समाधान शिविर

सुशासन तिहार के दौरान अपनी विभिन्न मांगों एवं शिकायतों को लेकर आवेदन प्रस्तुत करने वालों को तिहार के तीसरे व अंतिम चरण में समाधान शिविरों के माध्यम से अपने आवेदनों के निराकरण की जानकारी मिल सकेगी। रविवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में प्राप्त कुल आवेदनों में करीब पौने दो लाख आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। अब इस बात की जानकारी 5 से 31 मई के बीच जिले में आयोजित समाधान शिविरों में आम जनता को दी जाएगी। जिले में 66 शिविर स्थापित किए गए हैं, जिनमें 24 नगरीय व 42 ग्रामीण क्षेत्रों के लिए हैं।

सुशासन तिहार के पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक प्राप्त आवेदनों को दूसरे चरण में संबंधित विभागों में भेजने व निराकरण करने के बाद अब तीसरे चरण में आम जनता से समाधान शिविरों में प्रत्यक्ष मुलाकात कर आवेदनों के निराकृत हो जाने की जानकारी दी जाएगी। इस संबंध में रविवार को कलेक्टोरेट स्थित मंथन सभाकक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा केंद्र व राज्य की समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रदेश के प्रत्येक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के पहले चरण के माध्यम से जिले में प्राप्त मांग व शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। अब इसकी जानकारी संबंधित आवेदकों को समाधान शिविरों के माध्यम से दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदनों में ज्यादातर प्रधानमंत्री आवास, नामांतरण, बंटवारा नामा, सीमांकन, महतारी वंदन, राशन कार्ड व पेंशन से संबंधित हैं। इनमें से ज्यादातर आवेदन निराकृत हो चुके हैं।

कुछ पात्रता व बजट आधारित होने के कारण लंबित हैं, लेकिन इन्हें भी निश्चित रूप से शीघ्र ही निराकृत कर लिया जाएगा। श्री अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को समाधान शिविर का प्रभावी प्रचार-प्रसार करने व जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।




चर्चा करते कलेक्टर संजय अग्रवाल।

#### 83 प्रतिशत आवेदन निराकृत

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में कुल 2 लाख 8 हजार 438 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 2 लाख 2 हजार 581 मांग आधारित हैं। इसी तरह 5 हजार 857 आवेदन शिकायत आधारित हैं। उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदनों के अंतर्गत हमने 1 लाख 70 हजार 739 मांग आधारित व 2 हजार 296 शिकायत आधारित कुल 1 लाख 73 हजार 35 आवेदनों का निराकरण कर लिया है। जो कि कुल प्राप्त आवेदनों का 83 प्रतिशत है। शेष का निराकरण भी अतिशीघ्र कर लिया जाएगा।

#### सीएम-डिप्टी सीएम करेंगे सीधा संवाद

5 से 31 मई को आयोजित होने वाली समाधान शिविरों में जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रहेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि समाधान शिविरों में जाकर आम जनता से सीधा संवाद करेंगे व सुशासन तिहार व समस्याओं के निराकरण को लेकर फीडबैक भी लेंगे।

# एयरपोर्ट उन्नयन नहीं होने पर पॉवर प्लांट का होगा विरोध



**बिलासपुर** और सरगुजा संभाग को सरकार प्राकृतिक संसाधनों के लिए उपयोग कर रही पर बदले में विकास का हिस्सा देने से कतरा रहे। छत्तीसगढ़ राज्य के अलावा कम से कम 10 राज्यों को कोयला और बिजली बिलासपुर और सरगुजा संभाग से भेजना बंद किया जाए ।

बिलासपुर 4 मई हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने छत्तीसगढ़ सरकार के बिलासपुर एयरपोर्ट को 4c में अपग्रेड करने की योजना पर कम पीसने की समाचार पर अत्यंत नाराजगी जाहिर की है। समिति ने कहा कि यदि सरकार के पास बिलासपुर एयरपोर्ट को 4c में अपग्रेड करने के लिए 500 करोड रुपए नहीं है तो फिर बिलासपुर संभाग में लगने वाले हजारों करोड़ के पावर प्लांट ना लगाया जाए।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के अलावा कम से कम 10 राज्यों में बिलासपुर और सरगुजा संभाग से कोयला और बिजली की आपूर्ति की जाती है इसके लिए बिलासपुर और सरगुजा संभाग के लाखों एकड़ जमीन अधिग्रहित की गई है हजारों एकड़ क्षेत्र का जंगल साफ कर दिया गया । हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा की बिलासपुर संभाग के लोग राष्ट्रहित के नाम पर अपना योगदान दे रहे हैं परंतु यदि विलास देवी केवट एयरपोर्ट के 4c में अपग्रेड करने योजना को किसी भी तरीके का ब्रेक लगाया जाएगा या इसके फीजिबिलिटी स्टडी आदि किए जाने का बहाना बनाकर इस काम को पीछे धकेल जाएगा तो समिति जितने भी नए पावर प्लांट और कोयला खनन परियोजनाएं इस इलाके में लाई जा रही हैं उनका विरोध शुरू करेगी।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का वहां धरना आज भी जारी रहा और आगमन के कम से सर्वश्री अनिल गुलहरे रवि बनर्जी रमाशंकर बघेल गोपाल दुबे मोहन जायसवाल राकेश शर्मा दीपक कश्यप मनोज श्रीवास अमर बजाज चंद्र प्रकाश जायसवाल महेश दुबे टाटा देवेंद्र सिंह ठाकुर अशोक भंडारी मोहसिन अली साबर अली अखिल अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

# बच्चों को टीआई ने कहा-पुलिस से डरना नहीं, आपकी दोस्त है..

**बिलासपुर।** तालापारा, मिनीबस्ती के 30 से 40 बच्चों ने सिविल लाइन थाने का भ्रमण कर पुलिस की कार्यशैली की जानकारी ली। टीआई ने बच्चों से कहा पुलिस से डरना नहीं, पुलिस आपकी दोस्त है।

4 मई को समाजसेवी सीमा वर्मा, चंचल सलूजा तालापारा मिनीबस्ती के 30 से 40 बच्चों को जागरूकता अभियान के तहत सिविल लाइन थाना भ्रमण कराने के लिए लेकर आए थे। थाने का भ्रमण कराने के बाद टीआई एसआर साहू ने थाना में होने वाली प्रतिदिन की कार्यशैली के संबंध व थाना प्रभारी कक्ष व अन्य कक्ष के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिकायत जांच, अपराध विवेचना पूछताछ कैसे की जाती है। अपराध करने पर अपराधियों को बंदी गृह में रखा जाता है। बच्चों को डायल 112, पाक्सो एक्ट, गुड टच, बेड टच, साइबर क्राइम की जानकारी दी गई। बच्चों को बनाया गया अगर कोई गलत काम करता है, पुलिस उसका सजा दिलाने का काम करती है, पुलिस से डरना नहीं है, पुलिस आपकी दोस्त है। कोई गलत व्यवहार करता है, तो तुरंत अपने माता पिता के साथ संपर्क करें।




सिविल लाइन थाना पहुंचे तालापारा मिनी बस्ती के बच्चे।

# सरकार को जनता की परेशानी से कोई सरोकार नहीं: पांडे



- आंदोलन की दी चेतावनी

**बिलासपुर।** पूर्व विधायक शैलेश पाण्डे ने आरोप लगाया कि लगातार बिजली कटौती और पानी के लिए जूझ रही जनता की समस्याओं को लेकर सरकार और जन प्रतिनिधि गंभीर नहीं है। सरप्लस बिजली का दावा करने वाली डबल इंजन की सरकार में पानी गिरने के पहले ही दिन भर के लिए बिजली बंद कर दी जाती है। लगातार आंधी तूफान और बारिश से आम लोगों का जीवन दूभर हो गया है। एक तरफ भारी भरकम बिजली बिल से जनता परेशान है। शहर के नागरिक पिछले कई दिनों से बिजली कटौती की समस्या से जूझ रहे हैं। आंधी तूफान के बाद बिजली विभाग ने दिन भर के लिए और देर रात के लिए बिजली बंद कर दी। लोगों को पानी नहीं मिला। लोग रात भर अंधेरे में रहे। छोटे-छोटे बच्चे रात भर रोते रहे, लेकिन किसी को लोगों की चिंता नहीं है। जिला प्रशासन के अधिकारी भी रात को सड़कों पर नहीं दिखे। आज भी आधे शहर में अंधेरा है। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया है कि लोग जब बिजली दफ्तर जा रहे हैं तो पुलिस वाले जनता को भगा रहे हैं क्या इसी दिन के लिए जनता ने भाजपा की सरकार बनाई थी। श्री पाण्डेय ने व्यवस्था न सुधारने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

**खोंगसरा से भनवारटंक के बीच पलटी थी मालगाड़ी**

# 180 दिन से अधिक हो गए, अब भी सीआरएस की जांच अधूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खोंगसरा से भनवारटंक के बीच मालगाड़ी के डिरेलमेंट की जांच करने के लिए कोलकाता से विशेष तौर पर सीआरएस बिलासपुर डिवीजन और घटना स्थल तक पहुंचे थे। इस घटना की जांच को 180 दिन के अंदर पूरी कर अपनी रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपना था, लेकिन 6 माह से अधिक होने के बाद भी अब तक सीआरएस की जांच रिपोर्ट बिलासपुर रेल मंडल को सौंपी नहीं गई है।

जानकारी के अनुसार 26 नवंबर 2024 की सुबह 11 बजकर 11 मिनट पर कोरबा से बिलासपुर, उसलापुर होकर राजस्थान की ओर कोयला लेकर जा रही लांगहॉल मालगाड़ी के 22 वैगन पटरी से उतर गए थे, जिसके कारण बिलासपुर से पेण्ड्रा रेलवे स्टेशन के बीच अप और डाउन लाइन पर ट्रेन यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया था। सुबह और दोपहर, शाम तक दोनों लाइन को व्यवस्थित करने का काम शुरु किया गया। करीब 29 घंटे की मशक्कत के बाद बुधवार की शाम सवा चार बजे डाउन लाइन को फीट देने के बाद ट्रेनों की आवाजाही शुरु कराई गई। कोरबा से राजस्थान की ओर कोयला लोडेड मालगाड़ी लांगहॉल थी, जिसमें आगे और पीछे के साथ बीच में भी इंजन लगाए गए थे। खोंगसरा से भनवारटंक के बीच मालगाड़ी के एक साथ 22 वैगन बेपटरी हो गए, जिसमें करोड़ों रुपए का कोयला भी लोड किया गया था। वैगन के पटरी से उतरने के कारण रेल लाइन के साथ ओएचई, खंभे, सिग्नल सहित अन्य उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। इसके साथ ही कोयला भी लाइन के दोनों ओर बिखर गए थे। इस घटना से रेलवे को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ, जिसकी भरपाई अब तक नहीं हो सकी है। बिलासपुर-अनूपपुर खंड के भनवारटंक में सुपर लांग हॉल मालगाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने के संबंध में रेलवे बोर्ड ने कड़ाई से जांच करने का आदेश दिया। इसके तहत नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन दक्षिण पूर्व सर्किल कोलकाता के रेल संरक्षा आयुक्त बीके मिश्रा 29 नवंबर 2024 को बिलासपुर डिवीजन के डीआरएम कार्यालय पहुंचकर इंडियन रेलवे एक्ट 1989 के सेक्शन 113 के तहत एक वैधानिक जांच की थी।



#### पड़े हुए हैं मालगाड़ी के वैगन

रेल अफसरों के अनुसार मालगाड़ी के 22 वैगन बेपटरी होने के कारण लोडेड ज्यादातर कोयले खाई और पानी में गिर गए थे। इसके अलावा लाइन के आसपास गिरे कोयले को समेट लिया गया है। कोयले के साथ क्षतिग्रस्त होने वाले वैगन की मरम्मत या फिर उसे कबाड़ी में बेचने का काम किया जाएगा। वहीं कोयले को आक्शन के जरिए बेचकर नुकसान की भरपाई की जाएगी। अब तक सीआरएस की रिपोर्ट नहीं मिलने की वजह से भनवारटंक मरही माता मंदिर के पास गिरे हुए मालगाड़ी के वैगन कचरे की तरह पड़े हुए हैं, जिसे रिपोर्ट मिलने के बाद ही उठाने का निर्णय लिया गया है।

#### लगते हैं 180 दिन

मालगाड़ी डिरलमेंट की जांच के लिए पहुंचे रेल सेफ्टी अफसर की रिपोर्ट अब तक डिवीजन को नहीं मिल पाई है। नियमानुसार उनकी रिपोर्ट 180 दिन यानि 6 माह में मिलना है। आगे उनकी रिपोर्ट जैसे मिलती है, उसके अनुसार कार्रवाई होगी।

-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

एजुकेशन प्लस

# भविष्य की संभावनाओं पर चौकसे कॉलेज में सेमिनार



**बिलासपुर।** चौकसे कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय फार्मेसी ट्रांजिट टू वड्र्स अट्विंकलिंग टुमारो था। इस शैक्षणिक आयोजन का उद्देश्य फार्मेसी के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोध, नवाचार और भविष्य की संभावनाओं पर केंद्रित रहा। यह सेमिनार चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अशीष जायसवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

डॉ. जायसवाल के सतत प्रयासों से चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार को बढ़ावा मिलता है। सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीयू की डॉ. अल्पना राम ने चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर चौकसे कॉलेज ऑफ फार्मेसी प्राचार्य डॉ. श्रुति राठौर, प्राचार्य डॉ. धीरजकुमार अहिरवार, प्राचार्य डॉ. मंतोष कुमार सिन्हा, प्राचार्य डॉ. नितिन जैन ने अपने वक्तव्य में डॉ. अल्पनाराम ने फार्मेसी के उज्वल भविष्य के लिए कई समसामयिक विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आईइन हेल्थ केयर के माध्यम से रोग निदान और टेलीमेडिसिन में हो रहे क्रांतिकारी बदलावों की चर्चा की, साथ ही फार्माको विजीलेन्स को एक उभरता हुआ क्षेत्र बताते हुए दवाओं की सुरक्षा और दुष्प्रभावों की सतत निगरानी के महत्व को रेखांकित किया।उन्होंने फ़ार्मा उद्योग की विभिन्न महत्त्वपूर्ण शाखाओं—क्वालिटी कंट्रोल वक्वालिटी एस्यूरेन्स पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे ये विभाग दवा निर्माण की गुणवत्ता को सुनिश्चित करते हैं। डॉ. अपना रामने फार्मेसी के विविध पाठ्यक्रमों जैसे फार्मडी, एमफार्मा, बीफार्मा और डीफार्मा के करियर आउट कम्स की जानकारी दी। जिससे छात्रों को उनकी पढ़ाई के पश्चात उपलब्ध शोध, उद्योग व क्लिनिकल अवसरों का स्पष्ट दृष्टिकोण प्राप्त हुआ।

सेमिनार के विभिन्न सत्रों में छात्रों, शोधार्थियों और फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया। प्रस्तुतियों और पैनल चर्चाओं में जन औषधि योजना की भूमिका तथा फार्मासिस्ट की सामाजिक जिम्मेदारी जैसे समसामयिक विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। अंत में सहायक प्राध्यापक शुभम साहू ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। सेमिनार छात्रों के लिए एक प्रेरणास्पद मंच सिद्ध हुआ। जिससे उन्हें फार्मेसी के उज्वल और नवाचार-युक्त भविष्य की ओर कदम बढ़ाने की प्रेरणा मिली।

बिलासपुर, सोमवार 5 मई 2025

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



सेजस लालबहादुर स्कूल परीक्षा केन्द्र पर तेज धूप में अभिभावक व अभ्यर्थी खड़े रहें,यहां कोई व्यवस्था नहीं की गई थी।

आयोजन

# बाल संस्कार शिविर में पर्यावरण सहित कई विषयों पर प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा में इस वर्ष भी 7 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए 6 से 11 मई तक सुबह साढ़े 7 से साढ़े 9 बजे तक बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें माता-पिता मेरे गौरव, मोबाइल से नुकसान, इमोशनल स्ट्रांग, डेवलप मेमोरी पॉवर, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, एरोबिक्स आदि अनेक विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह जानकारी सेवा केन्द्र की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने देते हुए बताया कि जब मिट्टी मुलायम होती है, उस समय हम जो आकार देना चाहे दे सकते हैं लेकिन जब मिट्टी सूखकर कड़ी हो जाए उस समय हम चाह कर भी उसका रूप परिवर्तन नहीं कर सकते हैं। बच्चों की 7 से 15 वर्ष की उम्र परिवर्तन की उम्र होती है। उस समय हम जो संस्कार उन्हें सीखाना चाहते हैं वह स्वतः ही उसे जीवन में अपना लेते हैं। इस उद्देश्य से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा में पिछले 28 वर्षों से भी अधिक समय से बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में पर्सनालिटी डेवेलपमेंट, मेडिटेशन, कॉन्सनट्रेशन पॉवर सहित अनेक विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर पूर्णतः निःशुल्क है, पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है।



राजयोग भवन में कल से होगा भव्य शुभारंभ

सत्संग

# वैदिक पथ पर चल कर ही मनुष्य का जीवन बन सकता है सात्विक



**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई में साप्ताहिक सत्संग के तहत रविवार को यज्ञ हुआ। जिसके यजमान श्रेष्ठ बत्रा और नीरज चावला सपरिवार रहे। सभी लोगों ने यजमानों को आशीर्वाद प्रदान किया। बहन संध्या शर्मा और जितेंद्र पटेल ने भजन पेश किया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने कहा कि वैदिक पथ पर चलकर ही मनुष्य का जीवन सात्विक बनता है। आचार्य जयदेव शास्त्री ने बताया कि सोमवार 5 मई को स्व. सुभाष बत्रा की पुण्यतिथि है। आर्य समाज में उन्हें आज याद किया। स्व. श्री बत्रा अपने जीवन में आर्य समाज के प्रचार-प्रसार में वैदिक सनातन विद्या को बढ़ाने धर्म वैदिक सिद्धांतों पर स्वयं चलते हुए अपने परिवार को भी आर्य सिद्धांतों की ओर अग्रसर करते रहे। आर्य समाज के अध्यक्ष रहते हुए भी सेवक के समान काम करते रहे। हमें ऐसे व्यक्तियों की तरह अपने जीवन को बनाना चाहिए। श्रेष्ठ पूर्वजों की तरह अपने जीवन को वैदिक सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। वैदिक पथ पर चलकर ही मनुष्य का जीवन सात्विक बनता है और सात्विकता से इंसान सात्विक व्यवहार कर पाता है। इसके लिए हमें वैदिक ज्ञान अर्जित कर सात्विक अचार-विचार को बढ़ाना होगा। यह तभी संभव है जब हमारा वैदिक चिंतन बढ़ेगा। उन्होंने उपस्थित लोगों को संकल्प दिलाया कि हम अपने पूर्वजों के पद चिन्हों पर चलेंगे। हमारे पूर्वज श्रेष्ठ, आर्य एवं वैदिक सिद्धांतों को जानने, मानने और उनके सिद्धांतों पर चलने वाले थे।

साप्ताहिक सत्संग के तहत बहतराई में यज्ञ

कार्यक्रम

# रंगारंग प्रस्तुति के साथ बाइबिल क्लासेस का समापन



**बिलासपुर।** चर्च ऑफ़ ख्राईष्ट सीएमडी चौक निर्वाचित प्राचीन समिति में सीनियर पास्टर सुदेश पॉल के नेतृत्व में 28 अप्रैल से 4 मई तक ग्रीष्मकालीन बाइबिल कक्षाएं लगाई गई। रविवारीय आराधना में बच्चों की रंगारंग प्रस्तुति के साथ इसका समापन हुआ। पास्टर सुदेश पॉल ने बताया कि इस वर्ष बाइबिल कक्षा में धार्मिक व नैतिक शिक्षा के साथ ही मौलिक अधिकार, बुनियादी सुविधाएं, शारीरिक स्वच्छता, परिवार, समाज के प्रति कर्तव्य निर्वहन, ईश्वर के प्रति श्रद्धा, नम्रता, आस्था, विश्वास के विषय में जानकारी दी गई। बाइबिल क्लास में कुल 97 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत डांस पेश कर ड्रामा, लघु नाटक का मंचन किया। बाइबिल के मुख्य किरदार में शाऊल जो पौलुस रहा। दानियल, सुलेमान, यर्मयाह, यूसुफ के जीवन चरित्र, समाज और अपने गांव के प्रति कर्तव्य निष्ठा पर बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। पूरे सप्ताह जो पढ़ाया गया था इन विषय वस्तुओं पर परीक्षा ली गई। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को पारितोषिक वितरण किया गया। रविवारीय आराधना का संचालन राकेश पॉल, बाइबिल का पठन विवेक मसीह एवं प्रभु भोज वितरण दिनेश दास, नीतेश बाघ ने किया। प्रार्थना में अगुवाई मधुबाला, प्रीति वालेस, मंजू निशा और नार्मन हेनरी ने की।

## नीट की परीक्षा 21 केन्द्रों में हुई, अभ्यर्थियों को जांच के बाद मिला प्रवेश

### बायो के टाइम टेकन प्रश्न से समय भी कम पड़ा

पूरे देश में आयोजित होने वाली नीट परीक्षा रविवार को शहर में संपन्न हुई। परीक्षा में जिले के 7 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा का आयोजन शहर के 21 शासकीय केन्द्रों में किया गया था, जहां सुबह 11 बजे से ही परीक्षार्थियों को जांच कर प्रवेश दिया जा रहा था। दोपहर डेढ़ बजे तक केन्द्रों में परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। इसके बाद पहुंचे अभ्यर्थियों को मायूस होकर लौटना पड़ा।





# फिजिक्स के कठिन सवालों ने परीक्षार्थियों को किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मेडिकल कालेज में प्रवेश के लिए शहर में नीट परीक्षा का आयोजन किया गया। उक्त परीक्षा में एनटीए द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। कई परीक्षार्थी घड़ी, माला व अन्य समान लेकर आ गए थे, जिसे जांच के दौरान परीक्षा केन्द्र के बाहर ही रखवा दिया गया।

परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि फिजिक्स सब्जेक्ट के प्रश्न काफी कठिन थे, जिसके कारण कई सवालों को हल करने में परेशानी हुई। इसी तरह बायो विषय के प्रश्न टाइम टेकन होने के कारण प्रश्नों को हल करने के लिए समय कम पड़ गया। वहीं केमेस्ट्री के प्रश्न मॉडरेट थे, जिसके कारण प्रश्नपत्र सही समय पर हल हो पाया। परीक्षार्थी अंकुश गुप्ता ने बताया कि इस बार का एग्जाम पिछली बार की तुलना में बहुत अलग था। हर बार एनसीईआरटी से प्रश्न पूछे जाते हैं, मगर इस बार एनसीईआरटी के बाहर से प्रश्न पूछे गए। उल्लेखनीय है कि मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए नीट के एग्जाम हर वर्ष लिए जाते हैं, जिसमें पूरे देश से हजारों की संख्या में अभ्यर्थी भाग लेते हैं। इस बार परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने कई ठोस निर्णय लिए गए। केंद्र सरकार की एजेंसी एनटीए द्वारा परीक्षा का आयोजन किया जाता है। मेडिकल कालेजों में प्रवेश इसी परीक्षा के आधार पर तय होता है।



### रक्षासूत्र व गले की माला तक निकलवाई

शहर में बनाए गए केन्द्रों में प्रवेश के लिए कड़ाई बरती गई। केन्द्रों में प्रवेश के दौरान प्रत्येक परीक्षार्थियों की जांच की गई। इस दौरान कई परीक्षार्थी के हाथों में रक्षासूत्र बंधा था, जिसे जांच कर्मियों ने निकलवा दिया। इसी तरह कईयों ने गले में कंठी माला व हाथ में घड़ी पहनकर आ गए थे, जिसे केन्द्र के बाहर रखवाकर प्रवेश दिया गया। परीक्षार्थियों को पहले ही एनटीए की गाइडलाइन के अनुसार सामान्य गणवेश पहनकर आने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद कई विद्यार्थियों लोवर और टी शर्ट पहनकर परीक्षा केन्द्र पहुंचे थे। ऐसे विद्यार्थियों के कपड़े बाहर ही उतरवा दिया गया।

### कवर्धा से आने में हो गई देर...



जीडीसी परीक्षा केन्द्र में कवर्धा से आए परीक्षार्थी युदसेन जांगड़े तय समय से पांच मिनट विलंब से पहुंचे। उन्होंने सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों से प्रवेश के लिए आग्रह किया, लेकिन उन्होंने नियम का हवाला देकर प्रवेश की अनुमति नहीं दी। कलेक्टर ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए उचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया था, मगर लाल बहादुर स्कूल सहित अन्य सेंटरों में अभिभावक व छात्र तेज धूप से परेशान होते रहे। उनके लिए सेंटरों में छांव की कोई भी व्यवस्था नहीं की गई थी।

### कम रहेगा कटऑफ

आचार्या इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर संदीप द्विवेदी ने बताया कि नीट में इस बार जो फिजिक्स विषय के प्रश्न पूछे गए, वह अब तक का सबसे कठिन था। इस तरह के प्रश्न कभी नहीं पूछे गए। इससे परीक्षार्थियों के रिजल्ट में असर होगा, जिसका असर कटऑफ में पड़ेगा या कम होगा। ऐसी उम्मीद है कि कम मॉर्क्स पर अच्छी रैंक आएगी। इस बार के रिजल्ट में नंबर नहीं रैंक मैटर करेगा। 15 जून के बाद कभी भी नीट के रिजल्ट आ जाएंगे।

# 18 योग, हास्य क्लब का संचालन खुशी की बात : विधानी

**बिलासपुर।** विश्व हास्य दिवस पर लाफ्टर महासंघ बिलासपुर ने विविध आयोजन किया। कंपनी गार्डन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूजा विधानी महापौर ने कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि शहर के विभिन्न गार्डन से 18 योग एवं हास्य क्लब संचालित होते हैं। सबका उद्देश्य गुड हेल्थ हंसो-हंसो स्वस्थ रहो है।

इस अवसर पर विभिन्न क्लब के अध्यक्षों ने गार्डनों की समस्याओं पर लिखित ज्ञापन दिया। इस पर महापौर ने पूर्ण करने की बात कही। मुख्य अतिथि ने महासंघ के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल सहित विभिन्न योग केंद्र के अध्यक्षों का शॉल, श्रीफल से सम्मानित किया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिलाओं और पुरुषों ने फूलों की वर्षा कर सेलिब्रेशन किया। विशिष्ट अतिथि श्याम साहू एमआईसी मेंबर, प्रकाश जोशी, दिनेश शुक्ला व कन्हैया विधानी रहे। राजू अग्रवाल अध्यक्ष ने कहा कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य हंसने का महत्व तथा स्वास्थ्य लाभ के प्रति जागरूकता लाना है। हंसी से तनाव कम, रक्तचाप बैलेंस रहता है तथा सामाजिक संबंध मजबूत बनते हैं। ब्लड शुगर लेवल भी कम रहता है। हंसी लोगों के बीच एक सकारात्मक, भावनात्मक संबंध बनाती है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर के विभिन्न उद्यानों में प्रतिदिन सुबह लाफिंग एवं योग की क्लास लगती है, जो कि पूर्णतः निःशुल्क है। शहर का कोई भी नागरिक जिन्हें जो भी उद्यान नजदीक पड़ता हो वहां ज्वाइन कर सकता है।



विश्व हास्य दिवस पर लाफ्टर महासंघ ने किया विविध आयोजन

### पहुंचे रैली के शक्ल में

विश्व हास्य दिवस के दिन समस्त लाफ्टर क्लब के साथी अपने-अपने उद्यान से जागरूकता रैली के शक्ल में विवेकानंद उद्यान पहुंचे। यहां रैली सभा के रूप में परिवर्तित हो गई। इस कार्यक्रम में राजेंद्र राजू अग्रवाल, भुवन वर्मा, आरके श्रीवास्तव, रमेश दुआ, केएल चतुर्वेदी, डीपी गुप्ता, आरके गेंदले, सरदारी लाल कश्यप, इंद्र चावला सहित बड़ी संख्या में विभिन्न क्लबों के सदस्य उपस्थित थे।



12 खोली चौक स्टेशन रोड बिलासपुर में आयोजित श्री सोलापुरी माता पूजा उत्सव में रविवार को खास दिन रहा। पूरे 10 दिनों तक उन्हें अलग-अलग प्रकार के भोग अर्पित किए गए। वहीं विदाई से पहले उनका महा सत्कार करते हुए उन्हें महाकुंभम का महाप्रसाद अर्पित किया गया। सोमवार 5 मई को राटा पूजा के साथ पूजा का समापन होगा।

# सोलापुरी माता को लगा 21 प्रकार का महाकुंभम भोग

**बिलासपुर।** वॉयरलैस कॉलोनी निवासी यजमान काशी राव, श्रीमती जी. कमला, जी. संतोष और जी. अंतरा ने 21 प्रकार के खास व्यंजन तैयार कराया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद महाकुंभम की शोभायात्रा निकली। मिट्टी के खास बर्तनों में यह महाप्रसाद सजाया गया। जिसे महिलाएं सिर पर रखकर शोभायात्रा में शामिल हुई। ढफली और आतिशबाजी के साथ शोभायात्रा पूजा पंडाल पहुंची। जहां 5 क्विंटल चावल की ढेरी देवी के सामने आसन में लगाकर उस पर 21 प्रकार के भोग सजाए गए। फिर कपूर जलाकर पूजा की गई। इस दौरान अतिथि के रूप में तखतपुर जनपद अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार भी शामिल हुईं। मां काली स्वरूप में देवी की पूजा के लिए महापौर पूजा विधानी और फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष प्रिंस भाटिया पहुंचे। जिन्होंने लकी ड्रॉ निकालकर विजेताओं को उपहार प्रदान किया। बच्चों को स्टेशनरी और महिलाओं को साड़ी व चांदी का फोटो फ्रेम दिया गया।

### देवी का मोंगरे से श्रृंगार

पुजारी पार्थ सारथी ने गीली हल्दी से मां सोलापुरी की प्रतिमा तैयार की। जिनका श्रृंगार विशेष मोंगरे के फूलों से किया गया। शाम ढलने के बाद वापसी शोभायात्रा निकली। इसमें 9 बाल पुजारी अपने सिर पर माता की प्रतिमा रख कर आगे-आगे चलते रहे। पूरे रास्ते में जल का छिड़काव कर सड़क की सफाई की गई। रास्ते में साड़ी बिछाकर मार्ग को निष्कंटक किया गया। रंगोली सजाई गई। जगह-जगह नीम की टहनियों से तोरण द्वार बनाए गए। कई स्थानों पर शरबत, जल का वितरण किया गया। श्रद्धालु रास्ते में लेट कर देवी का आशीर्वाद लिया।

# सीयू में आधा घंटा रोज की थीम पर निकाली साइकिल रैली

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में रविवार को फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज की थीम पर साइकिल रैली निकाली गई। रजत जयंती सभागार के समीप स्थित प्रांगण में कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम अधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन प्रो. शैलेन्द्र कुमार अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने दिया। कुलसचिव प्रो. ए.एस. रणदिवे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। साइकिल रैली रजत जयंती सभागार से प्रारंभ होकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अतिथि गृह, बालिका छात्रावास, आवासीय परिसर, काली मंदिर, प्राणी विज्ञान विभाग, वाणिज्य विभाग, नवीन बालक छात्रावास, नालंदा केन्द्रीय पुस्तकालय, विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग होते हुए रजत जयंती सभागार पर समाप्त हुई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्जुन पात्रा ने किया। फिट इंडिया मिशन के फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल कैंपेन की थीम फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज है, रही। साइकिल रैली में विवि के विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक शामिल हुए।



कुलपति प्रो. चक्रवाल ने रैली को दिखाई हरी झण्डी

### स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन वास

फिट इंडिया मिशन के फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल कैंपेन के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। स्वस्थ शरीर होने से कठिन लक्ष्यों को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। युवाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने तथा फिटनेस के प्रति जागरुक करने यह शानदार पहल है।

स्पोर्ट्स न्यूज

# क्रिकेट संघ की अंडर 16 टीम में खिलाड़ी चयनित

**बिलासपुर।** अंडर 16 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता के लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर की अंडर 16 वर्ग की टीम में खिलाड़ियों का चयन किया गया है। प्रदेश क्रिकेट संघ के तत्वावधान में इस वर्ष भी अंडर 16 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर की ओर से 5 अप्रैल को आधारशिला विद्या मंदिर स्कूल में ट्रायल किया गया था। इस ट्रायल में 137 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें चयनकर्ता ओपी यादव, दिलीप सिंह, अभिषेक सिंह, सुशांत शुक्ला, एस जावेद ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर 70 खिलाड़ियों का सलेक्शन किया। इसके पश्चात खिलाड़ियों का बोन टेस्ट कराने के बाद बिलासपुर के खिलाड़ियों का चयन किया गया। खिलाड़ियों के बीच सात सलेक्शन मैच का आयोजन कराया गया। मैच के दौरान सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए अंडर 16 इंटर डिस्ट्रिक्ट एलिट ग्रुप के लिए टीम की घोषणा की गई। सलेक्शन किए गए खिलाड़ियों में पीयूष चंद्रा कप्तान, आदित्य बेदवाल विकेट कीपर, अविरल गुप्ता, आरूष काप्से, आकाश यादव, अनंत प्रताप, अंश कोरी, चेतन कुमार, दिव्य निगम, काव्यांश वाधवानी, लक्षित कार्तिकेन, मोहम्मद जैद, लक्ष्य रजक, प्रखर पांडेय, यश शर्मा, सूर्यांश स्वर्णकार, श्रेयांश चतुर्वेदी, राजवंश भाटिया, स्टैंड बॉय प्रतीक कुशवाहा, वीर तिवारी, आरूष सिंह, प्रलकित चंद्राकर शामिल हैं। अंडर 16 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता की शुरुआत 1 मई से हो चुकी है। प्रतियोगिता में बिलासपुर ग्रुप बी में हैं, जिसका पहला मुकाबला 6 मई को भिलाई के सेक्टर 1 मैदान में सुबह रायगढ़ के साथ होगा।



# शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम रहे विवान

जिला शतरंज प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जीतकर विवान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में अंडर 13 शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को बिलासपुर चेस अकादमी रिंग रोड 2 पल्लव भवन के सामने किया गया। इस प्रतियोगिता में 36 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 6 चक्रो में प्रतियोगिता संपन्न हुई। मुख्य अतिथि राजेश्वर मिश्रा और गौरव केडिया, भरत चौहान थे। अंडर 15 बालक वर्ग में प्रथम स्थान विवान दीक्षित ने, द्वितीय स्थान अरमान उभरानी ने, अंडर 13 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान निधि ध्रुवंशी ने, द्वितीय सिद्धि शुक्ला ने प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ी 17 और 18 मई को बेमेतरा में राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुख्य निर्णायक आलोक सिंह क्षत्री, सहायक निर्णायक ओम वर्मा, धर्म बघेल, विक्रांत कक्कड़, राकेश शर्मा, गुरुद्वीप सिंह अजमानी थे।



## खबर संक्षेप

### सफाई कर्मी की नियुक्ति की मांग पर लिया गया संज्ञान

**तखतपुर।** नगर पालिका तखतपुर में स्थायी सफाई कर्मी की नियुक्ति करने की मांग को लेकर सुशासन तिहार के तहत दिलीप तोलानी ने आवेदन दिया, जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संज्ञान लिया। सुशासन तिहार के तहत नगरपालिका क्षेत्र में प्रथम चरण में आवेदन लिए गए, जिसमें तखतपुर निवासी दिलीप तोलानी ने आवेदन दिया कि नगर पालिका तखतपुर में स्थायी सफाई कामगार की भर्ती वर्षों से नही हुई है, इसके कारण सफाई काम भी प्रभावित होता है। वर्तमान में अस्थायी पद पर अनेक कामगार कार्य कर रहे हैं, और इन्हें दैनिक मजदूर की तरह काम करना पड़ रहा है। इसलिए रिक्त पद पर स्थायी कामगार की नियुक्ति तखतपुर नगरपालिका में की जाए। इस आवेदन को नगरपालिका अधिकारी तखतपुर ने आवश्यक कार्रवाई हेतु संचालक और कलेक्टर को भेजा है।

### ऑल इंडिया सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए सेतगंगा से तीन खिलाड़ियों का चयन

**सेतगंगा-मुंगेली।** शासकीय नवीन महाविद्यालय फास्टरपुर सेतगंगा से विश्वविद्यालय की सॉफ्टबॉल पुरुष टीम में तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं क्रीड़ा प्रभारी अपनीत तिर्की ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑल इंडिया सॉफ्टबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन 4-8 मई के मध्य विक्रमा सीम्हापुरी विश्वविद्यालय नैलोर आंध्रप्रदेश में होगा। जिसके अंतर्गत अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर की सॉफ्टबॉल पुरुष टीम में फास्टरपुर से छात्र खिलाड़ी बाबूलाल चंद्राकर, भोजराज और तालवीट का चयन हुआ है, जो अत्यंत हर्ष एवं गौरव की बात है। प्राचार्य डॉ केके मिश्रा ने कहा कि छात्रों के चयन होने पर महाविद्यालय परिवार गौरवान्वित है।

### सुशासन तिहार के कारण जनदर्शन कार्यक्रम अस्थायी रूप से स्थगित

**मुंगेली।** जिले में 5 मई से 31 मई तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवधि में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिससे आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा सकें। सुशासन तिहार के सफल संचालन के लिए जिला कलेक्टोरेट में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाला जनदर्शन कार्यक्रम अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है। यह स्थगन 31 मई 2025 तक प्रभावशील रहेगा। सुशासन तिहार समापन के पश्चात जनदर्शन कार्यक्रम पूर्ववत प्रत्एक मंगलवार को आयोजित किया जाएगा, जिसकी सूचना पृथक से दी जाएगी।

### आवास प्लस सर्वे की समय सीमा बढ़ाने पर राजपूत ने जताया आभार

**पथरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अधिक से



अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से आवास प्लस सर्वे की समय सीमा 15 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। इस सराहनीय निर्णय के लिए भाजपा मीडिया प्रभारी भास्कर राजपूत ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है। भास्कर राजपूत ने अपील की है कि सभी पात्र हितग्राही अपना सर्वे अवश्य कराएं, ताकि कोई भी जरूरतमंद इस योजना के लाभ से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि हम सबकी प्राथमिकता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुचे। साथ ही उन्होंने क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक और भाजपा सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह जनहित में लिया गया निर्णय निश्चित रूप से गरीबों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### 10 लीटर अवैध महुआ शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**तखतपुर।** अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी 10 लीटर महुआ शराब को जब्त कर पुलिस ने आरोपी




के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि करनकापा पुलिया के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए घूम रहा है। सूचना पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए करनकापा निवासी हरिशंकर ध्रुव के पास से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर लिया। साथ ही पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम 34, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### गाली-गलौज करने से मना करने पर युवक के साथ मारपीट

**तखतपुर।** गाली-गलौज करने से मना करने पर बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट कर दी। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमेरी निवासी देशराज अनंत ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 3 मई को शाम 6 बजे वह तालाब से नहाकर घर जा रहा था, इसी दौरान रास्ते में संतोष चतुर्वेदी, तिलक चतुर्वेदी शराब के नशे में उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। जब देशराज ने ऐसा करने से मना किया तो युवकों ने उसके साथ मारपीट कर दी। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियोम के खिलाफ धारा 296, 115,2 351,2 3,5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

---

#### कलेक्टर के निर्देश पर की जा रही कार्रवाई

# 11 बस संचालकों पर कार्रवाई, वसूला गया 8 हजार 7 सौ रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

शहर में निर्धारित बस स्टॉपेज को नजरअंदाज कर अन्यत्र बस रोकने वाले 11 बस संचालकों पर जिला परिवहन विभाग ने चालानी कार्रवाई की। इस अभियान में कुल 8 हजार 7 सौ रुपए जुर्माना वसूला गया।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए व यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखने हुए जिला परिवहन अधिकारी को बस स्टॉपेज चिन्हित करने के निर्देश दिए थे। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि शहर में चार स्थानों मुंगेली-बिलासपुर मार्ग दाऊपारा चौक सुखनंदन हॉस्पिटल के सामने, मुंगेली-पंडरिया मार्ग पड़ाव चौक जिला ग्रंथालय के सामने, लोरमी तिराहा और लोरमी-बिलासपुर मार्ग पड़ाव चौक को बस स्टॉपेज चिन्हांकित कर कलेक्टर के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया है, जिसे भविष्य में बस स्थानक बनाया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी असीम माथुर ने बताया कि नियमों के विरुद्ध संचालक तय स्टॉपेज के बजाय अनाधिकृत



निर्धारित बस स्टॉप की जानकारी लेते आरटीओ एवं यातायात पुलिस

स्थानों पर बसें रोक रहे थे, जिससे यातायात व्यवस्था बाधित हो रही थी। इसे गंभीरता से लेते हुए 11 बस संचालकों पर कार्रवाई की गई। साथ ही, सभी बस संचालकों को चेतावनी दी गई है कि भविष्य में केवल चिन्हित स्थानों पर ही बसें रोकी जाएं और यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन किया जाए।

### सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई

**मुंगेली।** सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया गया। शहर को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन में शनिवार को राजस्व, पुलिस एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम ने पड़ाव चौक से पंडरिया रोड तक अभियान चलाकर अतिक्रमण करने और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की। इस अभियान के तहत 26 दुकानदारों पर जुर्माना लगाते हुए कुल 06 हजार 200 रुपए की वसूली की गई। साथ ही दुकानदारों को सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाने और अतिक्रमण से बचने की सख्त हिदायत दी गई। अधिकारियों ने समझाइश देते हुए कहा कि भविष्य में नियमों के उल्लंघन पर और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल, एसडीओपी मयंक तिवारी, तहसीलदार कुणाल पांडे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



कचरा फेंकने वालों को हिदायत देते अधिकारी।

### विभिन्न स्थानों पर सड़क के किनारे से अतिक्रमण हटाया गया

**मुंगेली।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से लगातार बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सड़क के किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप एवं कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिका की टीम ने मसीही कब्रिस्तान और रेस्ट हाऊस के आसपास को अतिक्रमण मुक्त किया। सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन में बताया गया था कि मुख्य सड़क मार्गों पर दुकान लगाकर अतिक्रमण किया गया है, जिससे आमजनों को आवागमन में समस्या हो रही है। आवेदन को संज्ञान में लेते हुए नगर पालिका की टीम ने तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में सहायक अभियंता प्रवीण कुमार साहू एवं सुरेश देवांगन और पुलिस बल की मौजूदगी में मसीही कब्रिस्तान, रेस्ट हाऊस के सामने, चर्च के पास के स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। साथ ही जवाहर वार्ड, विनोबा भावे एवं तिलक वार्ड को अतिक्रमण मुक्त किया गया।



अतिक्रमण हटाने में जुटी नगर पालिका की टीम।

---



केंद्रीय मंत्री साहू का स्वागत करते समाज के लोग।

## विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री साहू

**बिलासपुर।** आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र के बिलासपुर एवं मुंगेली जिलों के विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए।

श्री साहू ने प्रवास की शुरुआत मुंगेली जिले के झझपुरी खुर्द स्थित भक्त माता कर्मा मंदिर में दर्शन एवं पूजन से हुई। मंत्री श्री साहू ने साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा से समाज की समृद्धि, सौहार्द्र और सेवा-भावना के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।इसके उपरांत मंत्री श्री साहू डॉ. संजय वर्मा के भाई, पूर्व पार्षद स्व. श्री सोम वर्मा के निवास पहुंचे और शोकाकुल परिवार से भेंट कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने परिवार को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इसके पश्चात उन्होंने मोहन मंगलम एवं श्याम लॉज के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिसर स्थानीय सामाजिक और व्यापारिक गतिविधियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।प्रवास के अंतिम चरण में श्री साहू स्व. श्री कुलेश्वर राजू साहू की सुपुत्री कु. कामिनी साहू के विवाह समारोह में सम्मिलित हुए और नवदंपती को सुखी दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## युवक के साथ गाली-गलौज व मारपीट, मामला दर्ज

**तखतपुर।** दोस्त के साथ बैठकर बातचीत कर रहे युवक के साथ एक अन्य युवकों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम पड़रिया निवासी विकास पाल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 2 मई की रात 9 बजे वह अपने दोस्त के साथ बैठकर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान विष्णु यादव, राम दयाल ध्रुव और विशाल पटेल वहां पहुंचे और यहां क्यों बैठे हो कहते हुए उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 115,2 296,3, 5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

---

## विप्र समाज ने मनाया परशुराम का जन्मोत्सव

**पेन्ड्रा।** भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर सर्व ब्राह्मण परिषद पेंड्रा के द्वारा भव्य झांकियां के साथ शोभायात्रा निकाली गई। ब्राह्मण समाज द्वारा जय कारे लगाते हुए भव्य शोभायात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली गई।

- निकाली गई भव्य शोभायात्रा, महिलाओं बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया आयोजित।
- पेंड्रा में जयकारों के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा जगह-जगह हुए स्वागत।

बड़ी संख्या में विप्र जन पारंपरिक परिधान में दिखाई दिए। यह शोभायात्रा हनुमान मंदिर अंजनी वटिका से शुरू होकर नगर भ्रमणकर राम मंदिर पुरानी बस्ती मे सुबह यात्रा का समापन किया गया था। वहीं शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत भी किया गया। बता दें कि भगवान परशुराम ने ब्रह्मणों ऋषियों पर होने वाले अत्याचार का अंत किया था। इसलिए इस दिन भगवान परशुराम जी के साथ विष्णु जी की भी कृपा प्राप्त होती है। शोभायात्रा में भगवान परशुराम पर आधारित तैयार की गई झांकी आकर्षण का केंद्र रही। साथ हि ब्राह्मण समाज के घरो मे महिलाओं ने रंगोली बनाकर दीप जलाया गया और विप्र महिलाओं ने थाल मे भगवान परसुराम की आरती भी की। वही ब्राह्मण समाज की महिलाएं पूजा अर्चना से लेकर अंत तक बड़ी संख्या में सहभागिता रही। इस अवसर पर प्रमुख रुप से इस अवसर पर प्रमुख रूप से सर्व ब्राह्मण परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्य सहित पेंड्रा, मरवाही, कोटमी, आदि सहित महिलाएं एवं बच्चे, विप्र समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर इस आयोजन में भागीदारी निभाई थी।



## चार फल तोड़कर जंगल से वापस जा रहे ग्रामीण पर जंगली सुअर ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक ग्रामीण जंगल में चार फल तोड़ने गया हुआ था जहां से चार फल तोड़कर दोपहर को वह वापस अपने घर लौट रहा था कि इसी दौरान शिकारी जंगली सुअर का शिकार करने में लगे हुए थे। इसी दौरान भागने के दौरान जंगली सुअर ने घर वापस लौट रहे ग्रामीण पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। ग्रामीण को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।



घायल युवक।

जानकारी के अनुसार ग्राम काशीपानी निवासी प्रताप सिंह उम्र 35 वर्ष पिता अघन सिंह अलसुबह रोज की तरह जंगल चार तोड़ने गया हुआ था। जहां से 4 तोड़ कर वह वापस लगभग 1 बजे अपने घर लौट रहा था कि इसी बीच जंगल में कुछ लोग जंगली सुअर का शिकार करने में लगे हुए थे। इस बीच शिकारी से अपने आपको बचाकर भागते हुए जंगली सुअर का सामना प्रताप सिंह से हो गया और जंगली सुअर ने प्रताप सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जब वहां मौजूद कुछ ग्रामीणों को इसकी भनक लगी तो प्रताप सिंह के परिजनों को इसकी सूचना दी गई और परिजन उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां उसका उपचार चल रहा है।

---

### जय मां संतोषी समूह को दी गई गनियारी दुकान की जिम्मेदारी

**तखतपुर।** गनियारी राशन दुकान में राशन की अफरा-तफरी करने के मामले में जय रणजी माता महिला स्वसहायता समूह से राशन दुकान का संचालन निरस्त कर भुंडा की जय मां संतोषी महिला स्वसहायता समूह को दिया गया। गनियारी राशन दुकान का संचालन जय रणजी माता महिला स्वसहायता समूह के द्वारा किया जा रहा था।

लेकिन हितग्राहियों को बिना राशन दिए हस्ताक्षर लेने के मामले में दोषी पाए जाने पर अनुविभागीय अधिकारी तखतपुर ने स्वसहायता समूह का संचालन निरस्त कर दिया। इस आदेश के खिलाफ जय रणजी माता महिला स्व सहायता समूह ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई। मामले पर कारण बताओ नोटिस का जवाब संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर इस एजेंसी का दुकान संचालन का आदेश निरस्त कर दिया गया। साथ ही इनसे राशि की वसूली का प्रस्ताव दिया गया। आगामी व्यवस्था तक गनियारी राशन दुकान के संचालन के जवाबदारी भुंडा के जय मां संतोषी महिला स्व सहायता समूह को दी गई है।




### दर्राभाठा सरपंच ने की स्थायी सचिव नियुक्त करने की मांग

**सीपत।** मस्तूरी विकासखंड के ग्राम पंचायत दर्राभाठा के सरपंच एनल धृतलहरे ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी से स्थाई सचिव की नियुक्ति की मांग की है। बता दें कि पिछले कुछ सालों से ग्राम पंचायत में प्रभारी सचिव परमेश्वर सोनवानी के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। दो जगहों का प्रभार होने के कारण प्रभारी सचिव के पास समय का अभाव रहता है, जिससे दर्राभांठा के नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी समय पर नहीं मिल पा रही है। चूंकि दर्राभाठा बड़ी ग्राम पंचायत है, जिसकी जनसंख्या 3 हजार 6 सौ है। यहां सचिव की उपलब्धता नहीं होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी क्रम में सरपंच ने प्रभारी सचिव परमेश्वर सोनवानी के स्थान पर किसी अन्य स्थायी सचिव को नियुक्त करने की मांग मुख्य कार्यपालन अधिकारी से की है।

### पुलिस की तत्परता से बची गाय की जान

**लोरमी।** ग्राम बरबसपुर में एक 50 फीट गहरे पुराने कुएं में गिरे एक मवेशी को पुलिस एवं एनडीआरएफ की 6 सदस्यीय टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला एवं समुचित उपचार कराया। ग्राम बरबसपुर के ग्रमीणों ने रविवार सुबह 11 बजे थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव को फोन पर सूचना दी कि गांव के पुराने कुएं में एक गाय गिर गई है, जिसकी जान जोखिम में है। सूचना पर तत्काल पुलिस हरकत में आई एवं एनडीआरएफ की 6 सदस्यीय टीम को घटना स्थल पर बुलाया गया। साथ ही गहरे पुराने कुएं को देखते हुए एक क्रेन व जेसीबी को भी घटना स्थल पर उपलब्ध कराया गया। पुलिस ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत कर मवेशी को सुरक्षित कुएं से बाहर निकला। इसके बाद पुलिस ने घायल मवेशी का पशु चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराया एवं स्वस्थ्य होने पर उसे छोड़ दिया गया। ग्रामीणों ने पुलिस की टीम को धन्यवाद किया।



---

#### बड़ी संख्या में 'संविधान बचाओ रैली' में शामिल होने का आह्वान

## पूर्व मंत्री पटेल ने ली कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

संभाग स्तरीय 'संविधान बचाओ रैली' का आयोजन आगामी 8 मई को बिलासपुर में किया जा रहा है। इसी कड़ी मे बिलासपुर संभाग स्तरीय रैली के संयोजक एवं पूर्व मंत्री व खरसिया विधायक उमेश पटेल मुंगेली पहुंचे।

उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों से मुलाकात की। कार्यक्रम में समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसी, सम्मानित कार्यकर्ता, पूर्व विधायक, पूर्व प्रत्याशी, निगम-मंडल-प्राधिकरण के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षद एवं पार्षद प्रत्याशीगण, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के पदाधिकारी, सदस्य एवं सरपंच, महिला कांग्रेस, सेवा दल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई सभी अनुषांगिक संगठन, मोर्चा, विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जोन, सेक्टर एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर आगामी 8 मई को होने वाली रैली के लिए दिशा निर्देश दिए। इस दौरान श्री पटेल ने पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से संविधान बचाओ रैली में बड़ी संख्या मे भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी जो कहते हैं, वह दूरदर्शिता साबित होती है। पहले जाति जनगणना का मजाक उड़ाया गया, अब बीजेपी खुद उसे करने की बात कर रही है।

आज संविधान और आरक्षण पर हमला हो रहा है, इसलिए 8 मई को संविधान बचाओ रैली में सभी कार्यकर्ता जरूर शामिल हों। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर संविधान में बदलाव की जो कोशिश की जा रही है, हम उसका विरोध करते हैं। जिला संगठन प्रभारी आलोक सिंह ने कहा कि जिस तरह भाजपा संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है हम उसका विरोध करते हैं और जब भी देश कि अस्मिता के साथ खिलवाड़ होगा, कांग्रेस पार्टी विरोध करेगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, जिला संगठन प्रभारी आलोक सिंह, विवेक बाजपाई, संजीत बनर्जी, थानेश्वर साहू, आत्मा सिंह क्षत्रिय, महेंद्र गंगोत्री, दिलीप बंजारा, स्वतंत्र मिश्रा, संजय यादव, श्रीमती उर्मिला यादव, मायारानी सिंह, राहुल सिंह, मंजू शर्मा, निधि पौराणिक, राजेन्द्र यादव, राजेश छैदईया, रणजीत सिंह सागर सोलंकी, राम कुमार साहू, अभिलाष सिंह, कलेश्वर गर्ग, अजय साहू, कुलदीप पाटले, संजय चंदेल, सूरज यादव, प्रिंशु दुबे, पथरिया से उमेश सोनी, राजा सिंह, पुष्पा धृतलहरे, शिव धृतलहरे सहित पथरिया ब्लाक कांग्रेस, लोरमी से नरेश पाटले, मनीष त्रिपाठी, विद्यानंद चंद्राकर, लखन कश्यप, अरूण कुलमित्र लोरमी ब्लाक कांग्रेस सहित शहर, ब्लॉक, लोरमी, पथरिया, डिंडोरी, सरगांव के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




बैठक में कांग्रेसजन।

## नपा अध्यक्ष ने किया नाली भवन निर्माण का भूमिपूजन



भूमिपूजन करतीं नपा अध्यक्ष।

**तखतपुर।** नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने वार्ड क्र 2 में नाली निर्माण एवं वार्ड क्र 15 में भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारी परिषद का उद्देश्य है कि तखतपुर नगर का विकास हो एवं सबसे पहले बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएं, ताकि लोगों को इसके लिए परेशान होना न पड़े। इसमें एक व्यवस्थित सड़क और पानी के निकास की उचित व्यवस्था प्रमुख है। उन्होंने कहा कि सभी वार्डो में प्राथमिकता के साथ पानी निकास की व्यवस्था की जा रही है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, पार्षद मुन्ना श्रीवास, अनुपमा अभिषेक पाण्डेय, सुनील जांगड़े, लवली हरविंदर हूरा, पूजा बबलू गुप्ता, विमला जांगड़े, नट्टू जायसी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सत्यप्रकाश बने मानवाधिकार सहायता संस्थान के संयोजक

**पेंड्रा।** मानवाधिकार सहायता संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.रमेश कश्यप के आदेशानुसार पेंड्रा निवासी समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल फरमानिया)को उनकी समाजसेवा, निष्ठा, लगन, और कर्मठता के के लिए मानवाधिकार सहायता संस्थान में राष्ट्रीय संयोजक पद पर नियुक्त किया गया है। आशा है कि आप संगठन तथा बुराईयों के खिलाफ संगठन की आवाज को हमेशा बुलंद करते रहेंगे और संगठन की मजबूती और जन कल्याणकारी योजनाओं की पूर्ति के लिए ईमानदारी, लगन और निष्ठा से काम करेंगे।

### बाइक की टक्कर से पैदल चल रहा व्यक्ति घायल

**तखतपुर।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते दुपहिया चालक ने पैदल चल रहे व्यक्ति को ठोकर मार दी। शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को विवेचना में लिया। जानकारी के अनुसार सोनबंधा निवासी प्रार्थी सुनील बंजारे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 30 अप्रैल को सुबह 10 बजे उसके पिता फिरंता बंजारे घर की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान वाहन सीजी 10 एएल 9904 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चालते हुए उन्हें टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर धारा अज्ञात वाहन चलाक के खिलाफ धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को विवेचना में लिया गया।

## निधन

### आरके पाठक



**बिलासपुर।** अभिलाषा परिसर बस स्टैंड के पास तिफरा निवासी सेवानिवृत्त उप नियंत्रक बेल प्रेस, समाज कल्याण विभाग के आरके पाठक का 4 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा सरकंडा मुक्तिधाम के लिए 5 मई को सुबह 8.30 बजे निकलेगी। वे चेतन पाठक के पिता थे।

### शिव प्रसाद पटेल



**बिलासपुर।** बेलगहना निवासी शिव प्रसाद पटेल का 4 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 मई को बेलगहना में सुबह 9 बजे होगा।

### जसपाल सिंह ठाकुर



**बिलासपुर।** ग्राम हथनी कला निवासी जसपाल सिंह ठाकुर का 3 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 मई रविवार को सुबह 9 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे मंतर सिंह ठाकुर के पुत्र व मुन्ना, लक्ष्मण, सुधाकर, घनश्याम और प्रभाकर सिंह के भाई थे।

### चार्ल्स मैकफॉरलैंड



**बिलासपुर।** तोरवा निवासी व रिटायर्ड लोको पायलट चार्ल्स मैकफॉरलैंड का 85 वर्ष की आयु में 3 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 मई रविवार को दोपहर 1 बजे तोरवा कब्रिस्तान में किया गया। वे एंड्रयू मैकफॉरलैंड के पिता थे।

### संतोष यादव



**बिलासपुर।** मसानगंज निवासी संतोष यादव (छेदी टेलर्स) पिता स्व. चुन्नीलाल यादव का 55 वर्ष की आयु में शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 मई रविवार को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया।

### सुनहर राम सिंगरौल



**तखतपुर।** ग्राम मोछ निवासी सुनहर राम सिंगरौल 90 वर्ष का 2 मई को निधन हो गया। वे इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मोछ में किया गया।

### विवेक उईके



**जरहागांव।** सेमरचुवा निवासी शिक्षक धरमपाल उईके के पुत्र विवेक उईके का 22 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे मंजू उईके के पुत्र तथा दिव्या व पल्लवी उईके के भाई थे।

### सुशासन तिहार के संबंध में मुंगेली व जीपीएम जिले के कलेक्टर ने ली प्रेस वार्ता

# समस्याओं के निराकरण के लिए लगेंगे 15 शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला



सुशासन तिहार की जानकारी देतीं कलेक्टर।

कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने सुशासन तिहार 2025 के संबंध में रविवार को कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में पत्रकार वार्ता ली। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

शासन-प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए। योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए योजनाएं बनाई गई हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, एडीएम पेंड्रारोड ऋचा चंद्राकर, एसडीएम मरवाही प्रफुल्ल रजक तथा मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य को लेकर प्रदेश भर में सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 8 से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न माध्यमों से आम जनता से आवेदन प्राप्त किए गए। दूसरे चरण में इन आवेदनों को स्कैन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण हेतु भेजा गया। तीसरा और अंतिम चरण 5 मई से 31 मई तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले में कुल 15 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें 13 शिविर ग्राम पंचायतों में और 3 शिविर नगरीय क्षेत्रों में आयोजित होगा।

इन शिविरों का आयोजन 5 मई से प्रारंभ होगा। जिसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि 5 मई को पहला शिविर गौरेला जनपद के कलस्टर ग्राम पंचायत बस्ती में होगा। इस कलस्टर में सात पंचायतें बस्ती, बगरा, टीकरखुर्द, आमगांव, पुटा, लमना एवं कोटमीखुर्द शामिल हैं। कलेक्टर ने कहा कि शिविर में जनता को उनके आवेदन की स्थिति और समाधान की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि आदि से जुड़ी योजनाओं की जानकारी और आवेदन की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मांग एवं समस्याओं से संबंधित कुल 52 हजार 68 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से अब तक 44 हजार आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, जिले के प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक स्वयं शिविरों में शामिल होंगे एवं आम जनता से सीधा संवाद कर विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर फीडबैक लेंगे। कलेक्टर ने मीडिया से समाधान शिविरों का प्रचार-प्रसार प्रभावी ढंग से कर अंतिम व्यक्ति तक इसकी जानकारी पहुंचाने अपील की है।

## कलेक्टर ने दी सुशासन तिहार के तीसरे चरण से संबंधित जानकारी

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में सुशासन तिहार के तृतीय चरण में समाधान शिविर के आयोजन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 1 लाख 29 हजार 587 आवेदन प्राप्त हुए हैं, इनमें 1 लाख 27 हजार 261 मांगों एवं 2 हजार 326 शिकायतों से संबंधित हैं। कुल प्राप्त आवेदनों में से 1 लाख 18 हजार से अधिक आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि आवेदनों के निराकरण में जिले का 8वां रैंक है। साथ ही कॉल सेंटर के माध्यम से आवेदकों से सम्पर्क कर आवेदन के निराकरण के संबंध में फीडबैक भी लिया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप प्रशासन की यह पहल आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासन की योजनाओं की पारदर्शी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कलेक्टर ने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत 5 मई से जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 26 समाधान शिविर एवं 7 मई से नगरीय निकायों में 9 समाधान शिविर सहित कुल 35 समाधान शिविर आयोजित होंगे। शिविर में आवेदकों को उनके आवेदन के निराकरण और स्थिति की जानकारी देने के साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। शिविर में कम्प्यूटर सिस्टम सहित अन्य आवश्यक उपकरणों की भी व्यवस्था की जाएगी, जिसके माध्यम से मौके पर ही आवेदन की निराकरण की स्थिति की जांच की जाएगी। यदि आवेदक निराकरण से संतुष्ट न हों तो वे फिर से आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में नागरिकों से हितग्राहीमूलक योजनाओं के लिए आवेदन भी लिए जाएंगे। समाधान शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जो आवेदकों को उनके आवेदन की प्रगति की जानकारी देंगे और योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।




सुशासन तिहार की जानकारी देते कलेक्टर।



## मुख्य न्यायधीश ने किया अतिरिक्त न्यायालय भवन का वर्चुअली भूमिपूजन

**गौरेला।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने रविवार को सिविल कोर्ट पेंड्रारोड में अतिरिक्त न्यायालय भवन का वर्चुअली शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया। उनके साथ जस्टिस नरेश चंद्रवंशी भी वर्चुअल रूप से शामिल हुए। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहा कि न्यायालय भवन बनने से लोगों को न्याय प्राप्त करने में आसानी होगी। इस भवन का निर्माण लगभग 77 लाख रुपए की लागत से होगा। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिराजुद्दीन कुरैशी भी समारोह में उपस्थित थे। भूमिपूजन कार्यक्रम में ज्योति अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश, एकता अग्रवाल द्वितीय जिला न्यायाधीश, महेश बाबू साहू मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सीमा जगदम्बा न्यायिक मजिस्ट्रेट, कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी और पुलिस अधीक्षक एसआर भगत सहित प्रशासनिक अधिकारी, अधिवक्ता एवं विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### चलित थाना लगाकर पुलिस ने लोगों को किया जागरूक



**पथरिया।** क्षेत्र के विभिन्न गांवों चढ़ली, सेंदरी, रोहराकला, छिंदभोग,पढ़यिाइन, सिलदहा, कोकड़ी में पथरिया पुलिस ने चलित थाना लगा कर लोगों की समस्याएं सुनी एवं उनका समाधान किया गया है। साथ ही लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। एसपी भोजराम पटेल के निर्देश पर सुशासन तिहार को देखते हुए लोगों को संवैधानिक अधिकार, कानूनी अधिकार के बारे मे जागरूक करने और कुछ महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराने शनिवार को पथरिया पुलिस ने ग्राम कपूवा में शिविर का आयोजन किया। इस दौरान थाना प्रभारी रघुवीर सिंह चंद्रा ने कानून से संबधित विभिन्न जानकरी लोगों के साथ साझा की। उन्होंने ने सड़क दुर्घटनाओं में जीवन रक्षा के लिए हेलमेट के महत्व के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने अपना मोबाइल नंबर देकर किसी भी प्रकार की सूचना थाने में देने की लोगों से अपील की।

## कांग्रेस जिला सचिव, पूर्व पार्षद सहित 70 ने थामा बीजेपी का दामन



विधायक धर्मजीत के साथ भाजपा कार्यकर्ता।

**सकरी।** तखतपुर विस में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का बीजेपी में शामिल होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। रविवार को तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह के समक्ष कांग्रेस के जिला सचिव एवं सतनाम संघ के जिल अध्यक्ष बिहारी सिंह टोडर, तखतपुर नपा के पूर्व पार्षद संदीप खांडे के नेतृत्व में सरपंच, पूर्व सरपंच, उपसरपंच एवं पंच सहित कुल 70 लोगों ने भाजपा में प्रवेश किया।

इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि भाजपा की नीति और रीति रही है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास। इसी ध्येय वाक्य को लेकर हम अन्त्योदय व्यक्ति का विकास करने का कार्य कर रहे हैं। आज अनुसूचित जाति वर्ग के नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पार्टी में प्रवेश किए हैं, उन सभी का स्वागत है। निश्चित ही मैं सभी को भरोसा दिलाता हूं कि उन्हें समाज का, अपने क्षेत्र का अपने गांव का विकास करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि क्षेत्र को एक ऐसा विधायक मिले हैं, जो सिर्फ विकास की बात सोचते हैं। वे नित नए संरचनात्मक कार्यों के लिए प्रयासरत रहते हैं। आप सभी के पार्टी में आने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष कश्यप, सभापति द्वय भारती माली, अंबिका साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू, भाजपा नेता विक्की विशाल सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष रवि मेहर एवं आभार प्रदर्शन बिहारी सिंह टोडर ने किया।

### इन्होंने किया भाजपा प्रवेश

सतनाम महासंघ के जिलाध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर के सचिव बिहारी सिंह टोडर, पूर्व पार्षद एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष संदीप खांडे के नेतृत्व में मेड़पार बाजार की सरपंच सत्यवती घृतलहरे, सरपंच प्रतिनिधि दिनेश घृतलहरे, राजू खांडे सरपंच राजपुर, मीना दिवाकर सरपंच सोनबंधा, विवेकानंद दिवाकर सरपंच प्रतिनिधि सोनबंधा, नरेश लहरे सरपंच बेलगहना, लालाराम पात्रे सरपंच पोडिकला, पूजा बरेठ सरपंच मोढ़े, प्रमोद बरेठ सरपंच प्रतिनिधि मोढ़े, खेलन अनंत सरपंच लमेर, राहुल आनंद सरपंच प्रतिनिधि लमेर, रामस्वरूप वस्त्रकर सरपंच बीजा, अनिल खांडे पंच बीजा, सुमित्रा टंडन सरपंच भरारी, सुनीता चेलकर सरपंच चनाडोंगरी, संजय सोनवानी सरपंच खमहरिया, संतोष वस्त्रकार सरपंच प्रतिनिधि, पवित्रा कुर्रे सरपंच गुनसरी, नीलकमल कुर्रे सरपंच प्रतिनिधि, बबलू भार्गव सरपंच प्रतिनिधि मरहीकांपा, रामकुमार कौशिक सरपंच देवरीखुर्द, राजेश्वर मेहर सरपंच सकेती, प्रिया खांडे सरपंच घोंघाडीह, दिलीप पात्रे पूर्व सरपंच भूंडा, रामनारायण खांडे सरपंच प्रतिनिधि घोघाडीह, रामकुमार कुर्रे पंच, रमेश संते अध्यक्ष छग सतनाम महासंघ ग्राम ईकाई, मन्नू सोंचे भंडारी घुटकू, प्रशांत अन्नंत ब्लॉक अध्यक्ष सतनाम महासंघ तखतपुर, कोमल दिनकर पंच, राहुल खांडे, कोमल टोडर पंच, कृष्णा जांगड़े, श्यामलाल खांडे, मोहित खांडे, नीलेश पात्रे, रोहित साहू सरपंच प्रतिनिधि भुंडा, डेविड अनंत जिला उपाध्यक्ष सतनाम महासंघ, किशोर जांगड़े, सीमा साहू उपसरपंच भरारी, अश्वनी भास्कर सरपंच प्रतिनिधि भरारी, संगीता बघेल पूर्व जनपद सदस्य ढनढन, सुखनंदन जांगड़े पूर्व सरपंच पोड़ीकला, मनीष खांडे सोंनबंधा, पुष्पेंद्र खुंटे, भागवत अनंत, लक्ष्मण मधुकर, महेश रजक मोढ़े, लव साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाजपा में प्रवेश किया।

### अंबिकापुर कोरबा रेल लाइन का काम होगा जल्द शुरू

**कोरबा।** अंबिकापुर कोरबा रेल लाइन निर्माण से पहले फाइनल लोकेशन सर्वे (अंतिम स्थान सर्वेक्षण) का काम आरंभ हो गया है। यह कार्य दिल्ली की कंपनी एलएन मालवीय इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इस कार्य के लिए साढ़े चार करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। सर्वेक्षण टीम विभिन्न संभावित रास्तों का मूल्यांकन कर रही है और यह तय कर रही है कि कौन सा रास्ता अदक्ष होता राह देखते हुए कि क्या वह तकनीकी रूप से संभव है और पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव डालता है। अंतिम स्थान सर्वेक्षण परियोजना के लिए सबसे उपयुक्त मार्ग को खोजने के लिए किया जाता है। यह विस्तृत और सटीक होता है इसी के माध्यम से सर्वेक्षण टीम तय करती है कि कौन सा रास्ता परियोजना के लिए सबसे अच्छा है। इसी आधार पर रिपोर्ट तैयार कर जमा किया जाएगा। रेणुकूट से अबिकापुर होते कोरबा को जोड़ने के प्रस्ताव में अंबिकापुर-कोरबा रेल लाइन के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण बेहद जरूरी था।

## जिपं सदस्य ने सामान्य सभा में उठाई जनहित में आवाज

**सीपत।** जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर ने हाल ही में हुए जिला पंचायत की सामान्य सभा में सीपत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी, कारीछापर प्लांट व पीएम आवास से सम्बंधित मामलों पर आवाज उठाई।



- जिंदल कंपनी के सर्वे, डॉक्टरों की कमी, आवास घोटाले का उठाया मुद्दा

उन्होंने कहा कि सीपत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी प्रमुख मुद्दा है। समय-बेसमय पीड़ित मरीज भटकने को मजबूर हो जाते हैं। खासकर शाम 5 बजे के बाद यदि रात में कोई पीड़ित मरीज हॉस्पिटल पहुंच जाए तो डॉक्टरों की उपस्थिति नहीं रहती, जिससे पीड़ितों को समुचित इलाज नहीं मिल पाता। डॉक्टरों की कमी का मुद्दा जोर शोर से उठाने के बाद मस्तूरी बीएमओ सीपत का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया, ताकि क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को अपने संज्ञान में रखकर मरीजों को सुविधाएं प्रदान कर सकें और तत्काल नए डॉक्टरों की नियुक्ति कराएं। सीपत क्षेत्र के ग्राम पंचायत जूहली के अंतर्गत कारीछापर में बीत पांच माह से जिंदल कंपनी बड़ी-बड़ी मशीन और पानी टेंकर लेकर यहां खुदाई और सर्वे का कार्य कर रही है। इस पर भी धीवर ने सवाल उठाए और पूछा कि यह कंपनी किसकी अनुमति से यहां सर्वे कर रही है। इस पर वन विभाग ने अनभिज्ञता जताई और जानकारी लेकर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा उन्होंने ग्राम बिटकुला में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अनुदान की राशि पात्र हितग्राही की बजाय दीगर लोगों के खाते में भेजने के गड़बड़झाले की ओर ध्यान आकृष्ट किया, जिस पर जिपं सीईओ ने जांच कराने का आश्वासन दिया। क्षेत्र में जलसंकट की स्थिति से भी अधिकारियों को अवगत कराया व क्षेत्र के लिए अतिरिक्त हैंडपंप की मांग की।

## मित्रता कृष्ण-सुदामा जैसी होनी चाहिए: पंडित शुक्ला



हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन ग्राम सारधा में द्वारिका सिंह राजपूत के निज निवास में किया जा रहा है। कथा के मुख्य यजमान दुर्गेश सिंह व विनीता राजपूत तथा कथा व्यास पंडित अनिरुद्ध शुक्ला हैं। भागवत कथा के आठवें दिन सुदामा चरित्र के प्रसंग का वर्णन करते हुए पंडित शुक्ला ने कहा कि मित्रता कृष्ण-सुदामा जैसी होनी चाहिए। उन्होंने कहा सच्चा मित्र वो है जो मुसीबत में सहायता करे। सुदामा श्रापित चने को खाकर स्वयं दरिद्र हो गए लेकिन उन्होंने अपने मित्र कृष्ण को श्रापित चने नहीं खाने दिए। इस तरह उन्होंने भगवान कृष्ण को दरिद्र होने से बचा कर अपनी सच्ची मित्रता की मिशाल पेश की। सुदामा के द्वारिका आगमन पर भगवान श्रीकृष्ण ने अपने नेत्रों की अश्रुधारा से सुदामा के पैर धोए एवं सुदामा के पैरों को कांटों को निकाला। भगवान को सच्चे मन से पुकारने पर वे भक्तों के सामने खड़े हो जाते हैं। इस अवसर पर कथा सुनने श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बर्खास्त सहायक शिक्षकों ने बहाली पर धर्मजीत का जताया आभार

**सकरी।** राज्य शासन के 2 हजार 6 सौ 21 बर्खास्त सहायक शिक्षकों के समायोजन के निर्णय का स्वागत करते हुए नवनियुक्त बीएड धारी शिक्षकों ने विधायक धर्मजीत सिंह का आभार जताया।

मामले को लेकर सर्वप्रथम विधानसभा में विधायक धर्मजीत सिंह ने प्रश्न उठाया था, जिस पर कार्यवाही करते हुए शिक्षकों की बहाली का निर्णय लिया गया। इस पर शिक्षकों ने धर्मजीत सिंह का आभार व्यक्त करते हुए मिठाइयां बांटी। विधायक के निवास पहुंचकर शिक्षकों ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के समय नियुक्त किए गए सहायक शिक्षकों की नियुक्ति को न्यायालय ने निरस्त कर दिया था, जिससे सैकड़ों शिक्षक बेरोजगार हो गए थे। इस गंभीर प्रकरण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने संवेदनशील रुख



अपनाते हुए सभी प्रभावित शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान के पद पर समायोजित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। साथ ही शिक्षकों ने कहा कि विधायक धर्मजीत सिंह ने विधानसभा सत्र के दौरान पुरजोर तरीके से शिक्षकों की बहाली के लिए आग्रह किया, जिसे स्वीकार करते हुए छत्तीसगढ़ कैबिनेट ने तत्काल बहाली का निर्णय लिया। यह निर्णय न केवल शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि वर्तमान सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष कौशिक गुरुजी, शिक्षक संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश राजपूत, जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष रवि मेहर, रामकुमार निर्मलकर, अनिल शर्मा, दिलीप कोरी, महाबली कोसले ने कहा कि यह निर्णय बेरोजगार युवाओं और उनके परिवार के लिए संजीवनी साबित होगा।

### गुमशुदा



अंगरेश डाहिरे पिता तितरा डाहिरे उम्र 34 वर्ष साकिन पदमपुर थाना जरहागांव, दिनांक 11.04.2025 के दोपहर 2 से 6 बजे के मध्य, ग्राम पदमपुर थाना जरहागांव कहीं चला गया है। हुलिया- रंग गेहुआ,चेहरा गोल, बाल काला, शारीरिक स्थिति पतला दुबला, उंचाई करीब 5.2 फिट छत्तीसगढी बोलता है पढा लिखा नही है बाया भुजा में गोदना से ओम का निशान है। पिछले करीब 15 वर्षो से दिमाकी रूप से कमजोर है जिसका ईलाज चल रहा है।

**संपर्क करें: मो. 7879337375**

**कार्यालय रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**//सीमांकन सूचना//**

प्रति,
आवेदक 1. अजय गुप्ता पिता रतनलाल समीपी भूमिस्वामी 2. घसनीन बाई बेवा मोतीलाल 3. कैलाश प्रसाद बालकृष्ण 4. पुरूषोत्तम पिता महंगू 5. चन्द्रकली पति आत्मप्रकाश (मुन्ना)
विषय :- सीमांकन/बटांकन/स्थल निरीक्षण मे उपस्थित रहने बाबत्।
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/अति.तह./ना.तह. सकरी के ज्ञापन दिनांक 3/4/2025

संदर्भित विष्यांतर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं. 231/3 रकबा 0.2510 हेक्टेयर भूमि स्वामी अजय गुप्ता पिता रतन लाल निवासी बिलासपुर के द्वारा सीमांकन/बटांकन/स्थल निरीक्षण का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन/बटांकन/स्थल निरीक्षण दिनांक 06/05/2025 को लगभग 3.00 बजे किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नही होगा। अतः सूचना जानें।

**टीप** :- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/बटांकन/स्थल निरीक्षण तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
सकरी
तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

## बदमाशों ने महिला से लूटा गहनों व नकदी से भरा पर्स, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** दिन दहाड़े अज्ञात दुपहिया वाहन चालक ने दुपहिया वाहन में सवार महिला की पर्स, आभूषण, मोबाईल फोन सहित नगदी रकम लूट कर फरार हो गया। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई। पुलिस ने धारा 304 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगोई निवासी रीमा साहू ने थाने में सिकायत दर्ज कराई है कि 1 मई की सुबह 11 बजे



वे अपनी दुपहिया वाहन से अपने पति के साथ वैवाहिक कार्यक्रम में जा रही थीं। वे डीएवी स्कूल देवरी के पास पहुंचें थे कि इसी दौरान अज्ञात दुपहिया वाहन सवार दो युवक उनका पीछा करते हुए पहुंचें और महिला का पर्स छीन कर फरार हो गए। पर्स में महिला का मोबाईल फोन, हार, श्रृंगार की सामाग्री सहित नगदी रकम थी, जिसे लूट कर बदमाश भाग गए। घटना की शिकायत तखतपुर थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 304 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया एवं आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉंच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

4 MAY- BSP-PG-6_Layout 1 5/5/2025 12:18 AM Page 1



**खबर संक्षेप**

### चालानी कार्रवाई के नाम पर किया जा रहा परेशान



**बिलासपुर।** रिवर व्यू पर यातायात विभाग ट्रैफिक पुलिस द्वारा सिम्स जाने वाली सड़क पर पेड़ के नीचे खड़े होकर इन दिनों दुपहिया वाहन चालकों पर जमकर चालान किया जा रहा है। इससे सिम्स हास्पिटल आने जाने वाले लोग काफी परेशान होते हैं। दूर दराज व शहर के लोग अपने परिजन को लेकर सिम्स हास्पिटल आते हैं। जहां उनका सामना यहां रिवर व्यू पर खड़े यातायात ट्रैफिक पुलिस से होता है। चालानी कार्रवाई के नाम पर यहां घंटों दुपहिया वाहन चालकों को रोककर जा रहा है। जिससे वे काफी परेशान होते हैं।

### रेलवे प्लेटफार्म में चालू हुई मिस्टिंग मशीन



**बिलासपुर।** रेलवे प्लेटफार्म में लगे मिस्टिंग मशीन को चालू कर दिया गया है। इससे स्टेशन आने वाले यात्रियों को गर्मी से राहत मिल रही है। रेलवे प्रशासन ने बिलासपुर सहित अन्य प्रमुख स्टेशनों में मिस्टिंग मशीन की सुविधा दी है। रेलवे प्रशासन यात्रियों के लिए प्लेटफार्म में शुद्ध पेयजल, पंखे सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराई है। ताकि ट्रेन में यात्रा करने वालों को किसी तरह की परेशानी न हो। वहीं भीषण गर्मी में राहत देने ठंडे पेयजल के अलावा मिस्टिंग मशीनें लगाई है। बिलासपुर के रेलवे प्लेटफार्म में लगे मिस्टिंग मशीन को रविवार को चालू कर दिया गया है। जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिल रही है। इस मशीन को थोड़े-थोड़े अंतराल में चलाया जाता है ।

### आत्मानंद स्कूल में आवेदन आज तक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश और हिंदी मीडियम स्कूलों में एडमिशन की तैयारी एक बार फिर शुरू हो गई है। नया सेशन 2025-26 शुरू होने वाला है और इसी को लेकर 10 अप्रैल से आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू हो रही है। आवेदन 5 मई तक किए जा सकेंगे। इस बार कुल 751 स्कूलों में एडमिशन होगा। जिसमें 403 इंग्लिश और 348 हिंदी मीडियम स्कूल शामिल है। अगर किसी स्कूल में सीटों से ज्यादा फॉर्म आएंगे, तो मई के दूसरे हफ्ते में लॉटरी होगी और फिर एडमिशन दिया जाएगा।

**7 प्रजातियों के गिद्ध हैं जंगल में** — अचानकमार टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने गिद्धों को जीपीएस सिस्टम टैग लगाने का लिया निर्णय

# गिद्ध इधर-उधर न भटकें, इसलिए लगाए जा रहे टैग, तीन प्रजातियों पर मंडरा रहा संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विलुप्त हो रही गिद्धों की प्रजातियों को संरक्षित करने के लिए शासन पहल कर रही है। इसके तहत अब अचानकमार टाइगर रिजर्व के औरापानी में मौजूद 50 से अधिक विदेशी और देशी गिद्धों को जीपीएस आधारित टैग लगाया जाएगा, ताकि एटीआर के गिद्ध इधर-उधर भटककर जाएं तो उसकी जानकारी मिल सके। इसके हिसाब से वर्तमान में एटीआर के जंगल में 9 प्रजातियों में से 7 प्रजातियों के गिद्ध मौजूद हैं।

गिद्धों के व्यवहार और रहवास के संबंध में स्पष्ट और प्रमाणित जानकारी प्राप्त करने के लिए पहली बार गिद्धों को जीपीएस टैगिंग करने की अनूठी पहल शुरु की गई है। एटीआर प्रबंधन के अनुसार देश में पाई जाने वाली गिद्धों की 9 प्रजातियों में से तीन प्रजातियों पर संकट मंडरा रहा है। इन 9 प्रजातियों में से 7 प्रजातियां हिमालयन ग्रिफॉन, यूरोशियन ग्रिफॉन, सिनरस जैसी प्रवासी प्रजातियां व लंबी चोंच वाले गिद्ध, सफेद पूंछ वाला राज गिद्ध और इजीप्शियन गिद्ध जैसे प्रवासी प्रजातियां वर्तमान में पाई जाती हैं।

सफेद पूंछ वाला गिद्ध जिप्स बेंगालेंसिस, भारतीय गिद्ध जी इंडिकस और पतली चोंच वाले गिद्ध जी टेन्यूरोस्ट्रिस की आबादी में



1990 के दशक के मध्यम तेजी से गिरावट आई है। इसी तरह अचानकमार टाइगर रिजर्व में भी दो प्रजातियों लांग बिल्ड वल्चर और इंडियन वल्चर के 50 से अधिक गिद्ध हैं, जो एटीआर के औरापानी में विचरण करते रहते हैं। इन दोनों प्रजातियों के गिद्धों पर एटीआर के कर्मचारी लगातार निगरानी रखते हैं, लेकिन कभी-कभी गिद्ध इधर-उधर भटककर भी चले जाते हैं। इसकी वजह से उन्हें खोजबीन करने में परेशानी होती है। इसे देखते हुए अचानकमार टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने गिद्धों को जीपीएस सिस्टम टैग लगाने का निर्णय लिया है।

### विदेश से आएगा टैग

प्रबंधन के अनुसार वर्तमान में फारेस्ट कंजर्वेशन पर प्रोजेक्ट एटीआर में चल रहा है। इसके तहत गिद्ध को प्लेटफार्म टर्मिनल के लिए टैग से ट्रैकिंग करने के लिए जीपीएस सिस्टम लगाने का निर्णय लिया गया है, जिसे विदेश से मंगाया जाएगा। इसके लिए गोर्व्हमेंट आफ इंडिया से अनुमति लेनी पड़ती है, जिसमें एटीआर प्रबंधन को एनओसी प्राप्त हो गई है। अब केवल गोर्व्हमेंट आफ इंडिया की संस्थान डीजीएफटी की अनुमति लेनी बाकी है।

### औरापानी में 7 प्रजाति के 490 से अधिक गिद्ध

वर्तमान में अचानकमार टाइगर रिजर्व के लोरमी बफर के औरापानी क्षेत्र के 100 किलोमीटर के दायरे में 7 प्रजातियों के करीब 490 से अधिक गिद्धों की संख्या है। प्रदेश में एटीआर पहला गिद्ध के संरक्षण और संवर्धन का क्षेत्र है, जहां इसके स्थापना हेतु प्रोजेक्ट का संचालन किया गया है। इसके अलावा गिद्धों की मानिटरिंग के लिए स्थानीय ग्रामीणों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### सभी प्रमुख विभागों से चर्चा

प्रदेश स्तर पर एटीआर के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है कि यहां औरापानी जैसे क्षेत्र में गिद्धों के संरक्षण क्षेत्र स्थापना हेतु प्रोजेक्ट का संचालन किया गया है। गिद्धों के संरक्षण और संवर्धन के लिए उन्हें टैग लगाने का काम होगा। 15 नवम्बर को राज्य स्तरीय एक सम्मेलन रखा गया था, जिसमें एटीआर के अलावा इंद्रावती, गुरूघासीदास टाइगर रिजर्व के अतिरिक्त जिस जिस स्थान पर गिद्ध पाए जाते हैं वहां के अधिकारी के साथ बीएनएचएस, डब्लूडब्लूएफ, डब्लूडब्लूई के वरिष्ठ विशेषज्ञ भी शामिल थे।

**-यूआर गणेश**
डिप्टी डायरेक्ट, एटीआर

शनिचरी, सत्ताइस खोली, नेहरू नगर, इमलीपारा रोड में बनना था वेंडिंग जोन

# 200 से अधिक गुमटियां हो गईं कंडम 8 जगहों पर नहीं बन सके वेंडिंग जोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की कई सड़कों पर अवैध चौपाटियां चल रही हैं। निगम की अनुमति के बिना यहां कारोबार किया जा रहा है। देखा जाए तो निगम ने शहर में 1200 के करीब लोगों को वेंडिंग जोन के लिए चिन्हित किया था जबकि पांच हजार से ज्यादा ठेले और चौपाटियां लग रही हैं। इन अवैध चौपाटियों और ठेलों को नियंत्रित नहीं भी किया जा रहा है। शहर में खराब ट्रैफिक की एक बड़ी वजह यही है। यही नहीं जगह-जगह पर खड़ी कंडम गाड़ियों के कारण भी सड़कों की चौड़ाई कम हो रही है। 10 के करीब जगहों पर वेंडिंग जोन बनाए जाने थे लेकिन दो जगहों पर ही बन सके हैं।

- अवैध पार्किंग से बिगड़ा ट्रैफिक

गौरतलब है कि बिलासपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत शहर में आम लोगों को धूलरहित स्वच्छ वातावरण में खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए चुनिंदा स्थानों पर आकर्षक गुमटियां (क्योस्क) लगाए जाने की योजना थीं। इस प्रकार की गुमटियां महानगरों में लगाई जा रही हैं। शहर में रिवर व्यू रोड पर क्योस्क लगाए गए हैं। इनमें खाद्य पदार्थ अधिक समय तक ताजा व सुरक्षित रखे जा सकते हैं। इस प्रकार की गुमटियों की स्थापना करने के लिए शनिचरी रपटा, सत्ताइस खोली, नेहरू नगर, इमलीपारा रोड आदि का चयन किया गया था। उक्त स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाते हुए 200 से अधिक क्योस्क लगाए जाने थे लेकिन योजना ठंडे बस्ते में चली गई।

**शहर में चल रहीं अवैध चौपाटियां, मर्जी से खुल रहीं दुकानें**



### सड़कों में ट्रैफिक का बुरा हाल

श्रीकांत वर्मा मार्ग, सरकंडा में पुराने पुल से लेकर सुभाष चौक तक, मंगला चौक से मुंगेली नाका चौक, लिंक रोड के साथ ही मिशन अस्पताल के सामने सड़कें 10 से 15 फीट तक संकरी हो गई हैं। दोनों तरफ आठ-आठ फीट तक शेड या सामान निकालकार कारोबार करने वालों की वजह से इन सड़कों में ट्रैफिक का बुरा हाल है। ट्रैफिक की यह अव्यवस्था लोगों को भारी पड़ रही है। पिछले कुछ दिनों से निगम और पुलिस का अमला शहर में कार्रवाई जरूर कर रहा है। अव्यवस्था फैलाने वालों को एक चेतावनी दी जा रही है। देवकीनंदन चौक से सदर बाजार चौक तक की हालत तो और बुरी है।

### अवैध पार्किंग से सिमट गईं दोनों स्मार्ट सड़क

कई जगहों पर लोगों ने खुद ही अवैध पार्किंग बना ली है। बिना खौफ यहां गाड़ियां रखी जा रही है। सिम्स चौक से गोलबाजार चौक तक सड़क के दोनों किनारे पर गाड़ियां खड़ीं रहती हैं। नेहरू चौक से मंगला चौक तक आटो, कार और दूसरे वाहन खड़े रहतें हैं। 25 करोड़ रुपए खर्च कर व्यापार विहार रोड बनाया गया था। सात करोड़ में मिट्टी तेल गली वाली सड़क संवरी थी। अब दोनों रोड पर दोनों तरफ ठेले खोमचे वालों के साथ ही कारोबारियों की गाड़ियां खड़ी रहती हैं।

### बिना अनुमति खुल रही चौपाटियां

शहर में कोई भी कहीं पर चाट-गुपचुप और अन्य खाद्य पदार्थों का ठेला लगाकर चौपाटी खोल रहा है। इसकी न तो निगम से अनुमति ही ली जा रही है और न ही इन जगहों पर वेंडिंग जोन घोषित किया जा रहा है। तेलीपारा, इमलीपारा सहित दूसरी जगहों पर छोटी चौपाटी बन गई है। बस स्टैंड में राजीव प्लाजा के सामने, दयालबंद में अवैध ठेले-खोमचे और छोटी दुकानें खुल गईं हैं। इसी तरह शहर में कई जगहों पर कारोबारियों ने खुद ही चौपाटी खोल ली है। हालांकि नगर नगम इनमें से कुछ को वेंडिंग जोन घोषित कर कारोबारियों को लाइसेंस दे रहा है।

### कड़ी कार्रवाई के बाद ही सुधरेगी व्यवस्था

ट्रैफिक विशेषज्ञ और टाउन प्लानरों के मुताबिक यदि व्यवस्था नहीं सुधर रही है तो सड़कों पर सामान फैलाकर कारोबार करने वालों के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा सकती है। दंड प्रक्रिया संहिता के तहत कार्रवाई होने पर लोगों में सुधार की जरूरत महसूस होगी। यही नहीं, जब्त सामान को राजसात करने का भी सख्त निर्णय लेना होगा। सड़कों से इन चौपाटियों को हटाने के लिए लगातार अभियान के साथ ही कड़ी कार्रवाई करनी होगी।

### जगह का चयन कर लिया गया है

निगम की ओर से तय वेंडिंग जोन में ही कारोबार करने की अनुमति है। यदि बाहर कारोबार किया जा रहा है तो निगम की ओर से कार्रवाई की भी जा रही है। अवैध रूप से चौपाटी चलाने वालों के खिलाफ भी सख्ती बरती जाएगी। वेंडिग जोन के लिए जगह का चयन कर लिया गया है।

**- खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

# 2 माह डायवर्टेड रूट से चलेंगी संबलपुर जाने वाली 10 ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



संबलपुर रेल मंडल के संबलपुर रेलवे स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण 10 ट्रेनों का परिचालन 30 जून तक डायवर्ट रूट से किया जा रहा है। यह सारी ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से रवाना की जाएगी।

- रेलवे स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग का किया जाएगा कार्य

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल में रिमाडलिंग का कार्य होगा। संबलपुर और संबलपुर शहर की दूरी लगभग 6 किलोमीटर की है। इस कार्य के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 10 ट्रेनों को डायवर्ट रूट से चलाने का आर्डर जारी किया गया है। इसमें 7, 10, 14, 17, 21, 24, 28 और 31 मई एवं 4, 7, 11, 14, 18, 21, 25 और 28 जून को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से चलने वाली गाड़ी 12879 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-भुवनेश्वर एक्सप्रेस, 5, 8, 12, 15, 19, 22, 26, 29 मई, 5, 9, 12, 16, 19, 23, 26 एवं 30 जून को भुवनेश्वर से चलने वाली 12880 भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस 8, 15, 22, 29 मई, 5, 12, 19 एवं 26 जून को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से चलने वाली 22865 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-पुरी एक्सप्रेस, 6, 13, 20, 29 मई, 10, 17, 24 जून को पुरी से चलने वाली 22866 पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस, 4, 11, 18, 25 मई, 8, 15, 22, 29 जून को लालगढ़ से चलने वाली 20471 लालगढ़-पुरी एक्सप्रेस, 7, 14, 21, 28 मई, 4, 11, 18, 25 जून को पूरी से चलने वाली 20472 पूरी-लालगढ़ एक्सप्रेस, 7, 14, 21, 28 मई, 4, 11, 18, 25 जून को जोधपुर से रवाना होने वाली 20814 जोधपुर-पूरी एक्सप्रेस, 6, 9, 10, 13, 16, 17, 20, 23, 24, 27, 30 एवं 31 मई, 3, 6, 7, 10, 13, 14, 17, 20, 21, 24, 27 एवं 28 जून को विशाखापट्टनम से चलने वाली 20807 विशाखापट्टनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस, 4, 7, 10, 11, 14, 17, 18, 21, 24, 25, 28, 31 मई, 1, 4, 7, 8, 11, 14, 15, 18, 21, 22, 25, 28, 29 जून को अमृतसर से रवाना होने वाली 20808 अमृतसर-विशाखापट्टनम हीराकुंड एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, संबलपुर सिटी होकर अप-डाउन चलाई जाएगी। बिलासपुर मंडल में वर्तमान में करीब 2217 किलोमीटर ट्रैक की नियमित रूप से यूएसएफडी मशीन से जांच की जा रही है। इस जांच की आवृत्ति ट्रेनों के आवागमन के घनत्व पर आधारित होती है और मंडल के विभिन्न सेक्शनों में प्रत्येक डेढ़ से दो माह में ट्रैक की जांच की जाती है। वर्तमान में करीब 11 यूएसएफडी टीमों की गठन किया गया है जिसमें 23 प्रशिक्षित इंजीनियर कार्यरत हैं। सभी टीम का हैड क्वार्टर अलग-अलग स्टेशन में हैं।

### रेल परिचालन के सभी पहलुओं में संरक्षा सर्वोपरि




दपूमरे सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग ने ट्रेन संचालन में संरक्षा और विश्वसनीयता पर सेमीनार का आयोजन किया। इसका उद्देश्य संरक्षा को मजबूत करते हुए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की विश्वसनीयता में सुधार करना है। इस सेमीनार में रेलवे के तीनों रेल मंडल के एसएंडटी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और पर्यवेक्षी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश भी विशेष रूप से मौजूद थे। जीएम तरूण प्रकाश ने रेल परिचालन के सभी पहलुओं में संरक्षा सर्वोपरि दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर देकर सभी कर्मचारियों से सिग्नल एवं दूरसंचार तंत्र की विश्वसनीयता में सुधार के लिए ठोस प्रयास करने और किसी भी सिग्नल एवं दूरसंचार तंत्र विफलता की स्थिति में पुनरावृत्ति को रोकने के लिए गहन मूल कारण विश्लेषण करने के महत्व पर जोर दिया। सेमीनार ने सिग्नल एवं दूरसंचार को बढ़ाने और परिचालन संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर खुले संवाद और सहयोगात्मक विचार मंथन के लिए एक मंच प्रदान किया।

# रेलकर्मी के सूने मकान में लाखों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के बाद ग्रामीण क्षेत्र को चोर गिरोह नहीं बख्श रहे हैं। रेलवेकर्मी के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सोने, चांदी के जेवर व नकद रकम सहित लाखों का सामान चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग तक नहीं लगा पा रही है।

- ग्रामीण इलाके में भी चोर गिरोह सक्रिय

बेलगहना चौकी पुलिस के अनुसार, टेंगनमाढ़ा निवासी रेलवेकर्मी दीपक कुमार यादव पिता स्व. दिलीप यादव 29 अप्रैल को घर के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार सहित पैतृक घर करगीरोड कोटा आ गए थे। इसी दौरान चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए उनके घर के दरवाजे का कुंदा तोड़कर आराम से घर की तलाशी लेने के बाद घर के कुदाली से अटास कर आलमारी का दरवाजा खोलकर उसमें रखा सोने के गेंहूदाना की माला, सोने की मंचली माला, सोने की महाष्ट्रियन माला, एक जोड़ी सोने की बाली, चार जोड़ी पायल, बिछिया, बाजूबंद, 5 हजार रुपए नकद चोरी कर भाग गए। 3 मई को श्री यादव घर लौटे तब दरवाजे का कुंदा टूटा मिला। अंदर में सामान



अस्त व्यस्त पड़े थे और आलमारी से सोने चांदी के जेवर व नकद चोरी पार हो गए थे। सूचना पर पुलिस घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने श्री यादव की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा बीएनएस की धारा 305 ए, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चोर सक्रिय, पुलिस सुस्त

चोर गिरोह सक्रिय होकर शहर व ग्रामीण इलाकों में आतंक मचाते हुए सूने मकानों को टारगेट बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। सिलसिलेवार चोरी की वारदात रात्रि गश्त की पोल खोल रही है। एसएसपी के लगातार निर्देश के बाद भी थानेदार व एसीसीयू टीम चोरों का सुराग लगा पाने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

### अनसुलझे चोरी के मामले

- 27 अप्रैल अमेरी चंदा कालोनी निवासी विक्रम जाटवर के घर 3 लाख।
- 21 अप्रैल महमंद शिवविहार कालोनी निवासी आरपीएफ प्रधान आरक्षक देव कुमार डरसेना के घर 2 लाख।
- 20 अप्रैल रेलवे कालोनी निवासी अफसर विपिन वैष्णव के घर।
- 7 अप्रैल पं. सुन्दरलाल विश्व विद्यालय के बाजू बैंक आफ बड़ोदा बैंक में चोरी की कोशिश।
- 2 अप्रैल दीनदयाल कालोनी निवासी नवल कुमार गुप्ता के घर 2 लाख।

# सिगरेट का पैसा मांगने पर दो गुटों के बीच विवाद, दो भाइयों पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे स्टेशन के बाहर सिगरेट का पैसा मांगने पर दो गुटों के बीच जमकर विवाद हो गया और दो भाईयों पर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने दोनों गुटों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



तोरवा पुलिस के अनुसार, अरबाज अली पिता शमदाद अली रेलवे स्टेशन के बाहर गुटखा, सिगरेट बेचने का काम करता है। 3 मई को शाम 6.40 बजे शाहरूख खान, तोतू उर्फ सलमान खान, सोनू खान आकर उससे 5 सिगरेट लिए। उन्होंने सिगरेट के 50 रुपए मांगे तो युवकों ने उन्हें धमका कर शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। उनका छोटा भाई अरमान अली बीच बचाव करने आया तो उस पर भी चाकू से हमला कर दिया गया है। दूसरे पक्ष से शाहरूख खान ने आरोप लगाया है, अमन अली शराब पीने के लिए पैसा मांगा, नहीं देने पर अमली अली, अरबाज अली, शाहरूख अली एक राय होकर लोहे के पाइप से उन्हें, उनकी पत्नी, छोटा भाई सोनू खान के साथ जमकर मारपीट किया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।




# बारात में विवाद, घर में घुसकर हमला, एक ही परिवार के 9 घायल

**बिलासपुर।** हिर्री थाना क्षेत्र के ग्राम अमसेना में शादी समारोह के दौरान डीजे देखने की बात पर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि दूसरे दिन एक पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर हमला कर दिया। इस घटना में एक ही परिवार के नौ लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस को महिला शक्ति समूह की सदस्य कल्पना करियारे ने बताया कि शनिवार को गांव में नरेश त्रिलोकी के घर बारात आई थी, जहां डीजे बज रहा था। उसका बेटा हितेश करियारे डीजे देखने गया था। इस पर नरेश ने उसे वहां से जाने को कहा और उसके



सिम्स में चल रहा घायलों का इलाज।

साथ मारपीट कर दी। उसी समय हितेश का बड़ा भाई रविशंकर वहां पहुंचा, जिससे नरेश का फिर विवाद हुआ। थोड़ी देर बाद रविशंकर की बाइक वहां से गायब हो गई। रविवार सुबह बाइक नरेश के घर के सामने क्षतिग्रस्त हालत में मिली। यह देखकर कल्पना और उनके पति अर्जुन गुस्से में नरेश के घर के सामने गाली-गलौज करने लगे। इसी दौरान मोहल्ले के जमुना, भीम और जोगी वहां पहुंचे और अर्जुन से मारपीट शुरू कर दी। कल्पना ने तत्काल अपने बेटों को बुलाया। बेटे रविशंकर, रोशन और हितेश मौके पर पहुंचे और माता-पिता को घर ले आए। वे घर के पास रिश्तेदारों के साथ बैठे थे, तभी नरेश पक्ष के लोग उन पर हमला कर दिया। हमले में अर्जुन, रितिक, रविशंकर, हितेश, रोशन, प्रीति, दीपा, आदित्य और कल्पना घायल हुए। सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने कल्पना की शिकायत पर 13 आरोपियों नरेश त्रिलोकी, जोगी, भीम, ज्वाला, इंद्रलाल, जग्गू, महेश, सुरेंद्र, राम, गीता, जमुना, किरण और काशी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

